ज्ञानामृत

आपत्तियां मनुष्यता की कसौटी हैं। इन पर खरा उतरे बिना कोई भी व्यक्ति सफल नहीं हो सकता।

पंडित रामप्रताप त्रिपाठी

राष्ट्र को समर्पित

# विजय मत


मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

www.vijaymat.com | भोपाल, गुरुवार, 19 जून 2025 | वर्ष- 10 | अंक- 185 | पेज- 08 | मूल्य- ₹5.00/-

## न्यूज इन शॉर्ट

### डाटा सेंटर-चिप निर्माण का प्रमुख केंद्र बन रहा भारतः मूडीज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व और दक्षिण-पूर्व एशिया के विकसित और विकासशील देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) निवेश के प्रमुख गंतव्य (डेस्टिनेशन) बन गए हैं। इनमें भारत, सिंगापुर और मलयेशिया तेजी से डाटा केंद्र




और चिप निर्माण परियोजनाओं के लिए प्रमुख गंतव्य बन रहे हैं। मूडीज एनालिटिक्स की रिपोर्ट में बुधवार को यह जानकारी दी गई। मूडीज एनालिटिक्स की रिपोर्ट जारी की गई है, जिसका शीर्षक है- 'बाधाओं को पार कर रहा एआई'। रिपोर्ट में कहा गया है कि जब वैश्विक निवेश और व्यापार की रफ्तार धीमी हो रही है, तब भी एआई पर खर्च लगातार बढ़ रहा है। रिपोर्ट में कहा गया, हालांकि व्यापार और भू-राजनीतिक तनाव अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित कर रहे हैं। फिर भी एआई की मांग इतनी ज्यादा है कि आपूर्ति कम पड़ जा रही है।

### लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

**मुंबई, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और अमेरिकी ब्याज दर निर्णय से पहले सतर्कता के कारण बुधवार को बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज



की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 138.64 अंक या 0.16 प्रतिशत गिरकर 81,444.66 अंक पर बंद हुआ। कमजोर शुरुआत के बाद सुबह के कारोबार में इंडेक्स 81,858.97 के उच्च स्तर पर पहुंच गया, लेकिन बाद में बढ़त बरकरार नहीं रख सका। सेंसेक्स 346.29 अंक या 0.42 प्रतिशत गिरकर 81,237.01 के निचले स्तर पर पहुंच गया। वहीं, एनएसई निफ्टी 41.35 अंक या 0.17 प्रतिशत गिरकर 24,812.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज सबसे ज्यादा 1.79 प्रतिशत घाटे में रही।

### केवाईसी एजेंसियों को मिलेगी मान्यता, निवेशकों को होगा लाभ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाजार नियामक सेबी ने केवाईसी पंजीकरण एजेंसियों (केआरए) के लिए बड़ा प्रस्ताव पेश किया है। इसके तहत केवाईसी एजेंसियों को अब मान्यता एजेंसी के रूप में काम करने की अनुमति दी जा सकती है।




वर्तमान में यह सुविधा केवल स्टॉक एक्सचेंज और डिपॉजिटरी की सहायक कंपनियों तक ही सीमित है। सेबी ने इस प्रस्ताव पर 8 जुलाई तक आम जनता से सुझाव मांगे हैं। परामर्श पत्र में सेबी ने कहा कि मान्यता एजेंसियों के लिए पात्रता मानदंड को विस्तारित किया जा सकता है, ताकि सभी केआरए मान्यता एजेंसी के रूप में कार्य करने के लिए पात्र हो। वर्तमान में बाजार में सिर्फ दो मान्यता एजेंसियां काम कर रहीं हैं। सीडीएसएल वेंचर्स लिमिटेड, जो सीडीएसएल की सहायक कंपनी है।

### अब 15 दिन के भीतर घर पहुंचेगा मतदाता पहचान पत्रः ईसीआई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चुनाव आयोग ने बुधवार को कहा कि उसने एक नई प्रक्रिया शुरू की है, जिससे मतदाता पहचान पत्र अब मतदाता सूची में अपडेट (नया नामांकन या किसी जानकारी में बदलाव) के 15 दिनों के भीतर मतदाता को




भेज दिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि अभी तक मतदाता पहचान पत्र पहुंचने में एक महीने से ज्यादा का समय लग जाता है। आयोग ने कहा कि नई प्रणाली के तहत मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) बनने से लेकर डाक विभागके जरिए मतदाता तक पहुंचने तक हर चरण की रियल-टाइम ट्रैकिंग की जा सकेगी। यह प्रक्रिया निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) द्वारा कार्ड जनरेट किए जाने के बाद से शुरू होगी। चुनाव निकाय ने बताया कि इसके साथ ही हर चरण में मतदाता को संदेश (एसएमएस) के जरिए जानकारी दी जाएगी।

### ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई ने किया जंग का ऐलान, कहा-

# इस्राइल ने हमला कर बड़ी गलती की ईरान कभी आत्मसमर्पण नहीं करेगा

**तेहरान, एजेंसी**

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई ने इजराइल के खिलाफ जंग का ऐलान कर दिया। उन्होंने एक्स पर लिखा-जंग शुरू और हम आतंकी यहूदी शासन को कड़ा जवाब देंगे। अब कोई दया नहीं दिखाएंगे और इस ऐलान के बाद ईरान ने 25 मिसाइलें दागीं। ईरानी मीडिया के अनुसार इजराइल पर फतह मिसाइल से हमला किया है और यह पहली बार है जब इस जंग में फतह-1 का इस्तेमाल किया है। फतह मिसाइल हाइपरसोनिक है, यानी यह आवाज की गति से 5 गुना तेज उड़ती है। फतह मिसाइलों ने इजराइल के एयर डिफेंस सिस्टम को भेद दिया और बार-बार उनके सुरक्षित ठिकानों को निशाना बनाने में सफल हुई है। अमेरिका इजराइल की रक्षा के लिए जमीन, समंदर और हवा से अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा रहा है। आईआरजीसी ने कहा अब ईरान का इजराइल के आसमान पर कब्जा हो गया है। आईआरजीसी ने कहा कि फतह मिसाइलों ने इजराइल के एयर डिफेंस सिस्टम को निशाना बनाया। अब अमेरिका, इजराइल के साथ मिलकर ईरान पर हमले करेगा इसको लेकर ट्रम्प ने कोई फैसला नहीं लिया है। ट्रम्प को उम्मीद में हैं कि अगर अमेरिका सैन्य कार्रवाई की धमकी देता है तो ईरान बातचीत करेगा और अमेरिका की शर्तों को मान लेगा।

### भारत से इजराइली हमलों की निंदा की उम्मीदः ईरान



भारत में ईरानी मिशन के डिप्टी चीफ मोहम्मद जवाद होसैनी ने हाल ही में भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर की ईरानी विदेश मंत्री के साथ बातचीत की जानकारी दी। उन्होंने कहा, 'कोई भी देश किसी दूसरे देश पर हमला करने का बहाना नहीं बना सकता। क्योंकि अगर उसे कोई खतरा महसूस होता है, तो उसके पास इसका सबूत होना चाहिए। इजराइल के पास कोई सबूत नहीं था। इसके बावजूद उसने ईरान पर हमला किया। यह अपने आप में अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है। एस जयशंकर ने इस मुद्दे पर बातचीत की। ईरान को भारत जैसे मित्र देशों से इन हमलों की निंदा करने की उम्मीद है।

#### 'अमेरिका को भारी नुकसान होगा'

वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ ईरान से 'बिना शर्त आत्मसमर्पण' की मांग पर प्रतिक्रिया देते हुए खामनेई ने कहा, 'जो लोग ईरान के इतिहास को जानते हैं, वे जानते हैं कि धमकी की भाषा ईरानी जनता के लिए कभी काम नहीं करती। अमेरिका को पता होना चाहिए कि किसी भी सैन्य कार्रवाई का अंजाम अपूरणीय नुकसान के रूप में होगा।'

### तेहरान में फिर इजराइली हमला, धमाके के बाद चारों ओर फैला धुआं

ईरान की राजधानी तेहरान में फिर से इजराइली हमलों की खबरें हैं। ईरानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, तेहरान के पूर्वी हिस्से में कई जगह धमाकों की आवाजें सुनी गईं और धुआं उठता देखा गया। इजराइल डिफेंस फोसने भी हमले की पुष्टि की है। तेहरान में ईरानी सरकार के सैन्य ठिकानों पर एयरफोर्स के हमले जारी हैं। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू आज रात यरूशलम में अपनी सुरक्षा कैबिनेट की इमरजेंसी बैठक बुलाई है। इसकी जानकारी टाइम्स ऑफ इजराइल ने एक कैबिनेट मंत्री के कार्यालय के हवाले से दी है।

#### ईरान अब बातचीत चाहता है, लेकिन बहुत देर हो चुकी हैः डोनाल्ड ट्रंप



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा दावा किया है कि ईरान अब बातचीत करना चाहता है, लेकिन इसके साथ उन्होंने ये भी कहा कि- बातचीत के लिए बहुत देर हो चुकी है। इससे पहले ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई ने कहा था कि ईरान आत्मसमर्पण नहीं करेगा।

#### कतर को भेजा गया विशेष संदेश

इस तनाव के बीच, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने कतर के अमीर को एक गोपनीय पत्र भेजा है। हालांकि पत्र की सामग्री सार्वजनिक नहीं की गई, लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि इसमें क्षेत्रीय सुरक्षा, परमाणु कूटनीति और इस्राइल-ईरान तनाव को लेकर बातें हो सकती हैं।

#### जायोनिस्टों के लिए कोई रहम नहीं: खामनेई

बुधवार को एक्स पर खामनेई ने लिखा, 'हमें आतंकवादी जायोनिस्ट शासन को जोरदार जवाब देना होगा। जायोनिस्टों के लिए कोई रहम नहीं होगी।' खामनेई का यह बयान तब आया जब ईरान ने इस्राइल की बमबारी के जवाब में मिसाइल और ड्रोन हमले किए, जिनमें ईरान के मुताबिक हाइपरसोनिक मिसाइलों का भी इस्तेमाल हुआ।

### जी7 आउटरीच सत्र में बोले पीएम मोदी

# भारत का '4ए' मॉडल, ऊर्जा सुरक्षा का संतुलित दृष्टिकोण

### कौशल बढ़ाने के लिए एआई जरूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी7 देशों के आउटरीच सत्र को संबोधित करते हुए ऊर्जा सुरक्षा, तकनीकी नवाचार और मानव केंद्रित विकास की दिशा में भारत की प्रतिबद्धताओं को स्पष्ट रूप से रखा। सत्र का मुख्य विषय था- 'ऊर्जा सुरक्षाःविविधता, तकनीक और बुनियादी ढांचा ताकि बदलती दुनिया में पहुंच और वहन क्षमता सुनिश्चित की जा सके।'

प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर अपने कनाडाई समकक्ष मार्क कार्नी द्वारा दिए गए आमंत्रण के लिए आभार व्यक्त किया और जी7 समूह को उसकी 50वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ऊर्जा सुरक्षा आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बड़ी चुनौती बन चुकी है, जिसे अंतरराष्ट्रीय सहयोग और सतत विकास के जरिए ही हल किया जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और तकनीकी नवाचार के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एआई आज कौशल और नवाचार को बढ़ाने का एक प्रभावशाली माध्यम बन चुका है, लेकिन साथ ही यह ऊर्जा की खपत भी तेजी से बढ़ा रहा है। ऐसे में यह अनिवार्य है कि एआई आधारित प्रणालियां स्वच्छ, हरित और टिकाऊ ऊर्जा स्रोतों से संचालित हों।उन्होंने कहा कि भारत का तकनीकी दृष्टिकोण मानव केंद्रित है- यानी ऐसी तकनीक, जो आम नागरिकों के जीवन को आसान और बेहतर बनाए।



#### भारत का '4ए' मॉडल

प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की ऊर्जा नीति का परिचय देते हुए '4ए दृष्टिकोण' पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि भारत की समावेशी और टिकाऊ विकास नीति चार प्रमुख स्तंभों पर आधारित है...

**उपलब्धता (Availability)**
**पहुँच (Accessibility)**
**वहन क्षमता (Affordability)**
**स्वीकार्यता (Acceptability)**

विदेश मंत्रालय के अनुसार, प्रधानमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि भारत भले ही दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, लेकिन उसने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए पेरिस समझौते के लक्ष्यों को समय से पहले ही पूरा कर लिया है।

### खगोल विज्ञान एवं भारतीय ज्ञान परम्परा पर कार्यशाला 21 को

# उज्जैन में अत्याधुनिक तारामंडल का लोकार्पण करेंगे सीएम मोहन

**विजय मत, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार 21 जून को खगोल विज्ञान एवं भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला, डोंगला, उज्जैन में करेंगे। कार्यशाला में देश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक और शिक्षाविद शामिल होंगे। इस दौरान अनेक शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इनमें योग शिविर, शून्य छाया अवलोकन, साइंस शो, स्टेम वर्कशॉप, व्याख्यान एवं परिचर्चा प्रमुख हैं। कार्यशाला भारतीय खगोलशास्त्र की परंपरा और उसकी वैज्ञानिक प्रासंगिकता पर केंद्रित होगी। विशेषज्ञ भारतीय ज्ञान प्रणाली और आधुनिक विज्ञान के समन्वय पर विस्तृत विचार-विमर्श किया जाएगा। कार्यशाला में खगोल विज्ञान के साथ-साथ भारत की प्राचीन ज्ञान परंपराओं को आधुनिक विज्ञान से जोड़ने का प्रयास किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पद्मश्री डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर वेधशाला में शंकु यंत्र के माध्यम से शून्य छाया अवलोकन करेंगे। साथ ही आचार्य वराहमिहिर न्यास एवं अवादा फाउंडेशन द्वारा निर्मित अत्याधुनिक तारामंडल का लोकार्पण भी करेंगे। इस दौरान तारामंडल-शो का प्रदर्शन भी किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव वेधशाला स्थित ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन-सत्र को संबोधित करेंगे।



### 15 अगस्त से 3,000 रुपए के फास्टैग रिचार्ज से कर सकेंगे 200 ट्रिप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि सरकार निजी वाहनों के लिए फास्टैग आधारित वार्षिक पास पेश



करेगी, जिसकी कीमत 3,000 रुपये होगी। यह 15 अगस्त से प्रभावी होगा। यह राजमार्गों पर परेशानी मुक्त यात्रा की दिशा में एक कदम है। गडकरी ने कहा कि यह पास एक्टिवेशन की तारीख से एक साल या 200 ट्रिप तक, जो भी पहले हो, के लिए वैध है। यह पास खास तौर पर गैर-वाणिज्यिक निजी वाहनों जैसे कार, जीप और वैन के लिए बनाया गया है।

## ट्रंप-मोदी की बात पर देश में सियासत शुरू

### ट्रंप से क्या बात हुई, विपक्ष को अवगत कराने सर्वदलीय बैठक बुलाए प्रधानमंत्रीः कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर हुई बातचीत को लेकर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा, आज फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को व्हाइट हाउस से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ भोजन करने का निमंत्रण मिला है। असीम मुनीर ने जो भड़काऊ बात कही थी, उसका संबंध सीधा पहलगाम में हुए आतंकी हमले से था। मैं समझता हूं कि व्हाइट हाउस में ऐसे व्यक्ति को भोजन के लिए आमंत्रित करना हमारी कूटनीति और प्रधानमंत्री मोदी के लिए एक बहुत बड़ा झटका है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 14 बार यह दावा किया है कि उनकी मध्यस्थता के कारण ऑपरेशन सिंदूर रुकवाया गया था। आज विदेश सचिव ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी और डोनाल्ड ट्रंप के बीच 35 मिनट तक फोन पर बात हुई। प्रधानमंत्री मोदी को एक सर्वदलीय बैठक रखकर इस बातचीत से विपक्ष के नेताओं को अवगत कराना चाहिए। वे (प्रधानमंत्री मोदी) संवाद से क्यों भाग रहे हैं?





### विदेश सचिव ने सब कुछ बता दिया है, अब इसमें कोई भ्रम या संदेह नहीं हैः भाजपा

#### भाजपा का पलटवार

भाजपा राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा ने कहा, 'विदेश सचिव ने सब कुछ बता दिया है, अब इसमें कोई भ्रम या संदेह नहीं है। भारत एक बदला हुआ भारत है जो आतंकवाद के खिलाफ किसी समझौते के मूड में नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खत्म होने तक जारी रहेगा, इस बात की इससे स्पष्ट चर्चा विश्व पटल पर नहीं हो सकती।' भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने कहा, कांग्रेस पार्टी जी7 सम्मेलन और जाति जनगणना पर झूठ फैला रही थी। इसी कांग्रेस ने भारतीय सेना के विरोध में कई झूठ फैलाए थे।

### हिंदू युवती से पहचान छिपाकर दोस्ती

# उज्जैन के नफीस ने धर्म बदलने का दबाव बनाया, मामला दर्ज

**विजय मत, ब्यूरो उज्जैन**

उज्जैन में एक हिंदू लड़की को प्रेम जाल में फंसाकर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने का मामला सामने आया है। मामला मंगलवार दोपहर का है। नफीस खान ने कानू पटेल बनकर एक युवती से सोशल मीडिया पर दोस्ती की और बातचीत करने लगा। कुछ समय बाद युवती को पता चला कि जिससे वह प्यार करती है, वह मुस्लिम है। इसके बाद उसने बातचीत बंद कर दी। तभी युवक ने युवती के परिवार वालों को जान से मारने की धमकी देकर पार्क में मिलने बुलाया। यहां उसने कहा कि शादी करनी पड़ेगी और धर्म भी बदलना पड़ेगा। मना करने पर छेड़छाड़ शुरू कर दी। युवती ने शोर मचाया तो भीड़ जमा हो गई। कुछ देर में हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता पहुंचे और उसकी जमकर पिटाई कर दी। बाद में थाने पहुंची युवती ने भी एफआईआर दर्ज कराई है।



# ईडी अधिकारी दिन-प्रतिदिन अपनी शक्तियों का विस्तार कर कुछ भी कर रहे हैं : मद्रास हाईकोर्ट

**चेन्नई, एजेंसी**

मद्रास उच्च न्यायालय ने कहा कि अदालतें अक्सर 2002 के मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम (पीएमएलए) को एक 'विकसित हो रहा कानून' कहती हैं, जो नए कानूनी सवाल उठाता है, लेकिन वास्तव में यह 'प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारी हैं, जो अपनी शक्तियों का विस्तार करके दिन-प्रतिदिन आगे ही बढ़ते जा रहे हैं।' रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस एमएस रमेश ने फिल्म निर्माता आकाश भास्करन और उनके मित्र विक्रम रविंद्रन द्वारा दायर तीन रिट याचिकाओं पर सुनवाई के लिए जस्टिस वी। लक्ष्मीनारायणन के साथ एक खंडपीठ की अध्यक्षता करते हुए यह टिप्पणी की। द हिंदू ने बताया कि जस्टिस रमेश की यह टिप्पणी तब आई, जब उन्होंने आश्चर्य जताया कि ऐसा कौन सा पीएमएलए का प्रावधान है, जो तलाशी और जब्ती अभियान के लिए पहुंचे ईडी अधिकारियों को बंद मिले आवासीय/व्यावसायिक परिसर को सील करने का अधिकार देता है। मालूम हो कि याचिकाकर्ता ने ईडी अधिकारियों पर आरोप लगाया था कि उन्होंने सेमेनचेरी में उनके ऑफिस परिसर और चेन्नई के पोएस गार्डन में एक किराए के आवासीय फ्लैट को भी 'सील' कर दिया था, क्योंकि वे बंद थे।



# छत्तीसगढ़-आंध्रप्रदेश बॉर्डर पर 3 नक्सली लीडर ढेर

### इनमें 40 लाख का इनामी गजरला भी

**विजय मत, जगदलपुर**

छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश की सीमा पर मारेडपल्ली में हुई मुठभेड़ में ग्रेहाउंड्स फोर्स ने नक्सलियों के सेंट्रल कमेटी मेंबर गजरला रवि, अरुणा समेत 3 बड़े कैडर्स को मार गिराया है। गजरला 40 लाख का इनामी था। फिलहाल मुठभेड़ खत्म हो गई है। इलाके में सर्चिंग जारी है। मामला आंध्रप्रदेश के अल्लूरी सीताराम जिले का है। एनकाउंटर में मारी गई अरुणा स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर थी और नक्सली लीडर चलपति की पत्नी है। इस पर 20 लाख का इनाम था। आंध्र के अल्लुरी सीताराम जिले के एसपी अमित बरदार ने मुठभेड़ की पुष्टि की है।





### मुझे मेरी बीवी से बचाओ... मुख्यमंत्री से लगाई गुहार, बोला-

# पत्नी अपने दो प्रेमियों से कराना चाहती है मेरा कत्ल

**बहादुरगढ़, एजेंसी**

सात फरवरी को पत्नी के साथ फेरों के बंधन में बंधने वाले पति को पांच माह में ही पत्नी के प्रेमी से हत्या का खतरा सताने लगा है। इस बीच एक बार उस पर जानलेवा हमला हो भी चुका है। ऐसे में अपनी पत्नी से जान बचाने को लेकर पीड़ित ने पंचायत से लेकर तमाम प्रयास करने के बाद अब अधिकारियों से सुरक्षा की मांग की है। मेरठ के जागृति विहार में रहने वाले एक युवक का विवाह इसी वर्ष सात फरवरी को स्याना के बुगरासी चौकी क्षेत्र अंतर्गत रहने वाले एक गांव निवासी की बेटी से हुआ था। पीड़ित का आरोप है कि शादी के बाद से ही पत्नी का स्वभाव विपरित था। इसी कारण से अधिकांश समय पत्नी ने अलग बिताया। दो जून की रात वह गुरुग्राम से मेरठ जा रहा था। इस बीच एक बाइक पर सवार दो युवक उसका पीछा कर रहे थे। मुरादनगर नहर से मोदीनगर के बीच पहुंचने पर अचानक उन्होंने बाइक में लात मार दी, जिससे पीड़ित सड़क पर गिर गया। इस दौरान बाइक का नंबर नोट कर लिया गया था। नंबर के आधार पर जांच की गई तो पता चला कि वह बाइक सवार दोनों युवक उसकी पत्नी के प्रेमी थे। इस बात को लेकर ससुराल पक्ष के लोगों को बताया कि तो गढ़ एवं स्याना क्षेत्र के कुछ रिश्तेदारों को लेकर बहादुरगढ़ के डेहराकुटी स्थित एक स्कूल में पंचायत की गई। पंचायत में कोई सार्थक परिणम नहीं निकला।



### विजय मत एंकर — राजा हत्याकांड, मुस्कान कांड और अन्य मामलों के बाद बदला विवाह का नजरिया

# खौफ ने बदली सोच : कुंडली में '25 से 36' गुण मिल रहे तभी बन रहे रिश्ते

**मेरठ, एजेंसी**

मेरठ में हुए चर्चित 'मुस्कान कांड' और इंदौर के राजा रघुवंशी-सोनम प्रकरण के बाद युवाओं और उनके परिजनों की विवाह को लेकर सोच में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। अब शादी सिर्फ भावनाओं या आपसी पसंद पर नहीं, बल्कि कुंडली में 'गुण मिलान' के आधार पर तय हो रही है। इंडियन काउंसिल ऑफ एस्ट्रोलॉजिकल साइंस के सचिव आचार्य कौशल वत्स के अनुसार, अब प्रतिदिन पाँच से सात कुंडली मिलान के लिए आ रही हैं। लोग यह सुनिश्चित कर लेना चाहते हैं कि विवाह से पहले दोनों पक्षों की कुंडलियों में कम से कम 25 से 36 तक गुण अवश्य मिलें। इससे कम मिलने पर रिश्ते को आगे नहीं बढ़ाया जा रहा।




#### सप्तम भाव में क्रूर ग्रह नहीं होना चाहिए

ज्योतिषाचार्य मनीष स्वामी का कहना है कि विवाह में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका सप्तम भाव निभाता है। अगर इस भाव में राहु, केतु, शनि जैसे क्रूर ग्रह हों या उनकी दृष्टि हो, तो वैवाहिक जीवन में संकट आ सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सप्तम भाव में या तो कोई शुभ ग्रह होना चाहिए या उसकी शुभ दृष्टि होनी चाहिए। राहु यदि अशुभ स्थिति में हो, तो व्यक्ति शराब की लत में पड़ सकता है और धन का अपव्यय करता है। इसीलिए सप्तम भाव की स्थिति को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

#### कुंडली में दोष तो नहीं हो रहा विवाह

कई मामलों में कुंडली न मिलने की वजह से रिश्ते टूट रहे हैं। मेरठ और आस-पास के क्षेत्रों में हाल ही में ऐसे 18 मामले सामने आए हैं, जिनमें केवल ग्रह दोष या गुण न मिलने के कारण विवाह की बातचीत रुक गई।

#### फिर लौट रही प्राचीन परंपराएं और संस्कार

समाज अब फिर से गौरी पूजा, सोलह सोमवार व्रत जैसे परंपरागत धार्मिक कर्मकांडों को स्वीकार कर रहा है। ज्योतिषाचार्य प्रवीण के अनुसार, "चातुर्मास के दौरान विवाह नहीं होते, लेकिन लोग पहले से विवाह की तैयारी करने लगे हैं। रात्रि फेरों की जगह अब दिन में फेरे लिए जा रहे हैं, जिसे सनडाउन वेडिंग कहा जा रहा है। साथ ही चाक पूजन जैसी परंपराएं भी दोबारा विवाह संस्कारों का हिस्सा बनती जा रही हैं। इससे यह स्पष्ट है कि आधुनिकता के साथ-साथ भारतीय समाज फिर से संस्कारों और ज्योतिषीय परंपराओं की ओर लौट रहा है।

#### चार माह बाद शुरू होंगे विवाह मुहूर्त, तैयारियां अभी से शुरू...

देवोत्थान एकादशी के बाद नवंबर से एक बार फिर वैवाहिक आयोजनों का शुभ मुहूर्त प्रारंभ होगा, लेकिन परिजनों ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं। मंडप बुकिंग जून की शुरुआत से ही शुरू हो गई है। वहीं, कुंडली मिलान के लिए लगातार ज्योतिषाचार्यों से संपर्क किया जा रहा है। कई जोड़े जो एक ही कार्यालय में कार्यरत हैं, खासकर आईटी सेक्टर में, वे भी अब इस प्रक्रिया को गंभीरता से लेने लगे हैं। रिश्तों के भविष्य को लेकर परिवार वाले कोई जोखिम नहीं लेना चाहते।

कार्यालयः भोपाल ■ शहडोल ■ इंदौर ■ जबलपुर ■ होशंगाबाद ■ विदिशा ■ सीहोर ■ बैतूल ■ छिंदवाड़ा ■ ग्वालियर ■ ब्यौहारी ■ अनूपपुर ■ उमरिया ■ सीधी ■ सिंगरौली ■ रीवा ■ सतना ■ बालाघाट ■ सिवनी ■ कटनी ■ सागर ■ मुलताई ■ मुरैना ■ टीकमगढ़ ■ रायपुर ■ बिलासपुर ■ भिलाई

## न्यूज इन शॉर्ट

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को दी बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव को इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस (IBCA) के अध्यक्ष पद की अहम जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केंद्रीय पर्यावरण मंत्री यादव के दूरदर्शी नेतृत्व में मानव सभ्यता, संस्कृति और पारिस्थितिकी के प्रतीक टाइगर (बाघ), सिंह, तेंदुआ जैसी बिग कैट के संरक्षण एवं संवर्धन के वैश्विक अभियान में भारत सहित समस्त देशों को भी नई दिशा, ऊर्जा और गति मिलेगी।

### प्रदेश स्तरीय गौ-शाला सम्मेलन 20 को मुख्यमंत्री डॉ. यादव और पशु पालन राज्य मंत्री पटेल होंगे शामिल

**भोपाल।** प्रदेश स्तरीय गौ-शाला सम्मेलन का आयोजन 20 जून शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से मुख्यमंत्री निवास प्रांगण भोपाल में किया जायेगा। सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल शामिल होंगे। सम्मेलन में प्रदेश के समस्त जिलों से शासकीय एवं अशासकीय गौ-शाला संचालकों एवं प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी उमाकांत उमराव ने बताया कि सम्मेलन में गौ-शालाओं में गौवंश के व्यवस्थापन के लिए लगभग 50 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की जाएगी। आचार्य विद्यासागर जीव दया गौ-सेवा सम्मान योजना के अंतर्गत चयनित गौ-शालाओं एवं संस्थाओं को गौ-सेवा पुरस्कार प्रदान किए जायेंगे। कार्यक्रम में डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया जाएगा। सम्मेलन में नवीन गौ-शालाओं को पंजीयन प्रमाण पत्र तथा म.प्र. गौ-संवर्धन बोर्ड एवं दयोदय महासंघ के सहयोग से हितग्राहियों को ट्रेक्टर ट्राली वितरण भी किया जाएगा। "पशुपालन के क्षेत्र में प्रदेश के बढ़ते कदम" विषय पर एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी होगा।

### उमंग कार्यक्रम से 21 लाख छात्र-छात्राओं को मिला फायदा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के विद्यालयों में अध्ययनरत लगभग 21 लाख छात्र-छात्राओं को उमंग कार्यक्रम से फायदा मिला है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में उमंग कार्यक्रम स्कूल शिक्षा विभाग और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संयुक्त रूप से संचालित कर रहे हैं। उमंग कार्यक्रम शासकीय हाई और हायर सेकेण्डरी स्कूल में अध्ययनरत किशोर और किशोरियों के जीवन-कौशल को विकसित करने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। उमंग कार्यक्रम प्रदेश के 9 हजार 306 शासकीय हाई और हायर सेकेण्डरी स्कूलों में चल रहा है। इस कार्यक्रम से किशोर-किशोरियों को सामाजिक कुप्रथा बाल विवाह, जेण्डर असमानता, दहेज जैसी बुराइयों के प्रति सजग और संवेदनशील बनाया है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवाओं जैसे आयरन फोलिक टेबलेट, सेनेटरी पैड, स्वास्थ्य जाँच, स्वच्छ एवं सुरक्षित प्रबंधन तकनीक की जानकारी के साथ विद्यालयों को तम्बाकू मुक्त बनाना है।

### फॉलन आउट हुए अतिथि विद्वानों को शासकीय महाविद्यालयों में रिक्त पदों के विरुद्ध विकल्प प्रस्तुत करने की सुविधा

**भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग में शासकीय महाविद्यालयों में नियमित पदस्थापना और स्थानांतरण से पदपूर्ति होने के फलस्वरूप फॉलन आउट होने वाले अतिथि विद्वानों को पोर्टल पर रिक्त पदों के विरुद्ध विकल्प प्रस्तुत करने की सुविधा उपलब्ध कराई है। आयुक्त उच्च शिक्षा ने उक्त आदेश जारी किए हैं। ऐसे अतिथि विद्वान जो नियमित पदस्थापना/स्थानांतरण से पदपूर्ति होने के फलस्वरूप फॉलन आउट हुए है तथा संबंधित पदों पर कार्य करने के लिये विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के विनियम 2018 एवं समय-समय पर किये गये संशोधन पर उल्लेखित मापदण्डों के अनुरूप वांछित योग्यता धारक हैं, उनके लिए पोर्टल पर विकल्प प्रस्तुत करने की सुविधा उपलब्ध है। उच्च न्यायालय द्वारा दो प्रकरणों में पारित अंतरिम निर्णय के पालन में नियमित पदस्थापना/स्थानांतरण से पदपूर्ति होने के फलस्वरूप फॉलन आउट हुए ऐसे अतिथि विद्वान जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा संबंधी विनियम 2018 एवं समय-समय पर किये गये संशोधन पर उल्लेखित मापदण्डों के अनुरूप वांछित योग्यता धारक नहीं हैं, उनके लिए भी पोर्टल पर विकल्प प्रस्तुत करने की सुविधा उपलब्ध है। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि मैरिट में आने की स्थिति में महाविद्यालय का आवंटन एवं महाविद्यालय में आमंत्रण उपरांत न्यायालयीन प्रकरणों में पारित अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा।

### बिजली कंपनियों में नई भर्ती के सफल युवाओं के दस्तावेज परीक्षण 23 से

**भोपाल।** मप्र ऊर्जा विभाग की पूर्व, पश्चिम एवं मध्य तीनों बिजली वितरण कंपनियों और पॉवर मैनेजमेंट कंपनी, ट्रांसमिशन कंपनी, जनरेशन कंपनी के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों के लिए सफल उम्मीदवारों के दस्तावेज परीक्षण 23 जून से होंगे। वर्तमान में कुल 1974 पदों पर सफल युवाओं को सूचना भेज दी गई है। इन सफल उम्मीदवारों को उज्जैन, इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, सागर इत्यादि रीजनल मुख्यालयों एवं कंपनी मुख्यालयों पर 23 जून से 15 जुलाई तक दी गई तारीख पर दस्तावेज परीक्षण के लिए पहुंचना होगा। बिजली कंपनियों ने ऑन लाइन ली गई परीक्षा में सफल उम्मीदवारों को निर्धारित रीजनल मुख्यालयों, कंपनी मुख्यालयों पर मूल दस्तावेजों के साथ समय पर उपस्थित होने की अपील की है। दस्तावेजों के परीक्षण के बाद नियुक्ति पत्र एवं पदस्थी के बारे में कार्यवाही की जाना है।

### वन विहार में किंग कोबरा की मृत्यु

**भोपाल।** वन विहार राष्ट्रीय उद्यान के संचालक ने बताया कि 18 जून बुधवार को प्रातः सी.सी.टी.वी. कैमरे में किंग कोबरा नागार्जुन उम्र लगभग 5 वर्ष में कोई हलचल नही पाये जाने पर सर्प बाड़े में प्रवेश कर उसका परीक्षण किया गया। परीक्षण में वह मृत पाया गया। मृत किंग कोबरा सर्प का पोस्टमार्टम पशु चिकित्सकों की टीम द्वारा किया जायेगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने पर मृत्यु का कारण स्पष्ट हो सकेगा। किंग कोबरा की गतिविधि के संबंध में वन विहार के वन्यप्राणी चिकित्सा अधिकारी, पिलिकुला बायोलॉजिकल पार्क मैंगलोर कर्नाटक के पशु चिकित्सा अधिकारी से सतत संपर्क में थे। कल शाम तक नागार्जुन किंग कोबरा की गतिविधि बायोलॉजिकल पार्क के पशु चिकित्सक के अनुसार समान्य पायी गई।

---

- होम-स्टे बन रहा है "अतिथि देवो भवः" के भाव को चरितार्थ करने का माध्यम
- प्रदेश में पर्यटकों के लिए आरंभ होगी हेलीकॉप्टर सेवा
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 241 होम-स्टे का किया वर्चुअल लोकार्पण

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्रामीण रंग पर्यटन संग राज्य स्तरीय उत्सव को किया संबोधित

# आत्मनिर्भरता और आत्म गौरव का प्रभावी माध्यम ग्रामीण पर्यटन : सीएम मोहन यादव

**विजय मत, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्रामीण पर्यटन आत्मनिर्भरता और आत्म गौरव का प्रभावी माध्यम है। ग्राम स्तर पर पर्यटन गतिविधियों से जहां युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार और आर्थिक उन्नति के अवसर उपलब्ध होते हैं, वहीं पर्यटन गतिविधियां, हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, तीज-त्योहार-पर्व और खानपान को राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में भी सहायक होती हैं।

प्रदेश में विकसित हो रहे होम-स्टे भारतीय सांस्कृतिक परंपरा के अतिथि देवो भवः के भाव को चरितार्थ करने का माध्यम बन रहे हैं। होम-स्टे संचालनकर्ता और राज्य सरकार का यह प्रयास है कि प्रदेश में आने वाले सभी अतिथि प्रदेश के बारे में सकारात्मक छवि और अच्छी स्मृतियां साथ लेकर जाएं। पर्यटन के साथ पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जनजातीय कार्य विभाग आदि समन्वित रूप से इस दिशा में कार्य कर रहे हैं।

भारतीय संस्कृति में तीर्थाटन की परंपरा सदियों से रही है। दुनिया के लोग शौक और आनंद के लिए घर से निकलते हैं, वहां भारत के लोग चारधाम की मोक्ष यात्रा पर निकलते हैं, जहां वे सनातन सांस्कृतिक मूल्यों को आत्मसात करते हुए अन्य प्रदेशों की विविध जीवनशैली और परंपराओं से परिचित होते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारतीय मूल्यों



के अनुरूप परस्पर विश्वास की भावना को बढ़ा रहे हैं। वैश्विक स्तर पर उथल-पुथल के बावजूद भी देश प्रगति पथ पर अग्रसर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्रामीण रंग पर्यटन संग राज्य स्तरीय उत्सव को संबोधित करते हुए यह विचार व्यक्त किए। उन्होंने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### रेस्पॉन्सिबल टूरिज्म मिशन के लिए वेबसाइट लॉन्च, प्रदर्शनी का अवलोकन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्रामीण पर्यटन पर केंद्रित गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ग्रामीण रंग पर्यटन संग उत्सव के अंतर्गत विभिन्न जिलों के प्रतिभागियों और संस्थाओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। साथ ही चाक पर मिट्टी की कलाकृतियां भी बनाई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के रेस्पॉन्सिबल टूरिज्म मिशन के लिए डेडिकेटेड माइक्रो वेबसाइट लॉन्च की और प्रदेश के विभिन्न गांवों में निर्मित 241 होम-स्टे का वर्चुअल लोकार्पण किया।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने होम-स्टे संचालकों से किया संवाद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने होम-स्टे निर्माण में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने वाले नर्मदापुरम, आगर, छतरपुर, निवाड़ी, मुरैना, सीहोर, सीधी और पन्ना सहित 10 जिला कलेक्टरों को सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के 37 जिलों में होम-स्टे निर्मित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिलों में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ाने में सहयोग प्रदान करने के लिए 16 ग्राम पंचायतों के सरपंच और डीएटीसीसी सहित संबंधित संस्थाओं के प्रतिनिधियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।

***टूरिज्म को भी मिलेगा वेलनेस समिट का लाभ...*** *मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में जल्द ही उत्तराखंड की तर्ज पर स्टेट टूरिज्म बोर्ड के माध्यम से पर्यटकों के लिए हेलीकॉप्टर सर्विस शुरू की जाएगी। प्रदेश सरकार ने पर्यटकों के लिए वेलनेस सुविधाएं बढ़ाने के लिए समिट की है। वे यहां आएंगे तो उन्हें वन्य जीव पर्यटन, धार्मिक पर्यटन के साथ स्वास्थ्य सुविधाएं भी मिलेंगी। इससे प्रदेश का मेडिकल टूरिज्म बढ़ेगा और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को लाभ होगा। प्रदेश टूरिज्म बोर्ड अपने दम पर विकास के पथ पर अग्रसर है। टूरिज्म बोर्ड के प्रचार-प्रसार के लिए तैयार की गई फिल्में अद्भुत थीं। नए सिरे से इनके उपयोग के लिए कार्ययोजना तैयार की जाए। मध्यप्रदेश पर्यटन क्षेत्र में भारत ही नहीं दुनिया में शीर्ष स्थान प्राप्त करेगा।*

***पर्यटकों की संख्या में हुई 526 प्रतिशत की वृद्धि...*** *मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में 2020 की तुलना में 2024 में 526 प्रतिशत अधिक पर्यटक आए। ओरछा, खजुराहो के अलावा प्रदेश में कान्हा, पेंच और बांधवगढ़ आने वालों की संख्या बढ़ी है। देश के 5 सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय उद्यानों में यह तीनों स्थान शामिल हैं। देश के राष्ट्रीय उद्यानों में कान्हा को शीर्ष स्थान मिला है। दुनिया में सबसे ज्यादा टाइगर (बाघ) भारत और भारत में सबसे ज्यादा टाइगर मध्यप्रदेश में हैं। यह प्रदेशवासियों के लिए गर्व का विषय है। प्रदेश में गिद्ध, मगरमच्छ, घड़ियाल सहित कई वन्यप्राणी भी मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा प्रमुख टूरिस्ट डेस्टिनेशन पर लगभग 241 होम-स्टे शुरू करना एक अभिनव प्रयास है।*

---

### झांसी की रानी पर कांग्रेस नेता बरैया का विवादित बयान, बोले-

# उन्होंने आत्महत्या की थी, वीरांगना कैसे?

**विजय मत, भोपाल**



मध्य प्रदेश कांग्रेस के सभी बड़े नेता आज रानी लक्ष्मीबाई की पुण्यतिथि पर उन्हें याद कर रहे हैं और श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहे हैं वहीं कांग्रेस के विधायक फूल सिंह बरैया का वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई को लेकर दिए विवादित बयान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बीजेपी प्रदेश मंत्री लोकेंद्र पाराशर ने एक्स पर पर बैरया का यह वीडियो पोस्ट किया है। वायरल वीडियो 3 अक्टूबर 2015 को कांशीराम साहब की पुण्यतिथि का बताया जा रहा है।

कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया वीडियो में वीरांगना लक्ष्मीबाई की शहादत पर सवाल खड़े कर रहे हैं। बरैया कह रहे हैं कि लक्ष्मीबाई अंग्रेजो से लड़कर शहीद नही हुई, उन्होंने झांसी से ग्वालियर में आकर आत्महत्या की थी। वीडियो में बरैया बोले- खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी है... बुंदेले हरबोलों के मुंह हमने सुनी कहानी है, सुनी ही है यह तो लिखी भी नहीं है, क्यो सुनते हो तुम? युद्ध का मैदान कहां था झांसी और मरी आत्महत्या करके ग्वालियर में... फूल सिंह बरैया वीडियो में आगे कहते हैं वीरांगना उसी को कहते हैं जो युद्ध के मैदान में मरे, युद्ध का मैदान झांसी में था मरी थी लक्ष्मीबाई ग्वालियर में आत्महत्या करके, आत्महत्या करने वाले को वीरांगना कभी कहा? तो फिर हर रोज 10 लड़कियां आत्महत्या कर रही हैं उन्हें भी लिखो वीरांगनाएं। दिमाग से सोचिए आप लिखी हुई और सुनी हुई बातें।

भाजपा प्रदेश मंत्री लोकेंद्र पाराशर ने वीडियो के जरिए फूल सिंह बरैया के लिए लिखा कि 18 जून महारानी की पुण्यतिथि है, इस मौके पर मैं ऐसी काली जुबान की तीखे शब्दों में निंदा करता हूं। बता दें कि फूल सिंह बरैया वर्तमान में कांग्रेस के विधायक है।

### अंतर्राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम दिवस पर 27 जून को रतलाम में होगा 'एमपी राइज-2025'

**भोपाल।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को राज्य की आर्थिक प्रगति का प्रमुख आधार मानते हुए 27 जून को अंतर्राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम दिवस पर रतलाम के शहीद स्मारक मैदान में 'रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एंड एम्प्लॉयमेंट कॉन्क्लेव' - एमपी राइज-2025'' का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रदेश में औद्योगिक निवेश, कौशल विकास और स्वरोजगार को एक साथ संवर्धित करने का समग्र मंच प्रस्तुत करेगा। इस समेकित पहल से मध्यप्रदेश में निवेश, कौशल विकास और स्वरोजगार के नए आयाम स्थापित होंगे और राज्य की आर्थिक प्रगति को स्थाई व समावेशी दिशा मिलेगी। प्रदेश में औद्योगिक बुनियादी ढाँचे के विस्तार के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

### दादागुरू के 1705 निराहार के दिन पूर्ण होने पर जरारूधाम में 1705 पौधों का हुआ रोपण

# यह स्मृति वन दादा गुरु के तप को समर्पित हैः पटेल

**विजय मत, भोपाल**



पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने दादा गुरू जी के निराहार 1705 वें दिन जरारूधाम में स्वागत वंदन किया। दादागुरू ने दमोह के जरारूधाम में वृक्षों एवं भगवान शंकर का पूजन किया। गौ-अभ्यारण जरारूधाम में नर्मदाखंड सेवा संस्थान ने आज दादागुरू के निराहार 1705 दिन होने पर 1705 पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर पशुपालन, डेयरी विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल, विधायक बण्डा वीरेन्द्र सिंह लम्बरदार, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल, पूर्व विधायक प्रदुम्न सिंह लोधी, नर्मदाखंड सेवा संस्थान के अध्यक्ष नरेन्द्र बजाज सहित बड़ी संख्या जनप्रतिनिधि, अधिकारी, पत्रकार और नागरिक मौजूद थे।

मंत्री पटेल ने कहा कि यह एक सुखद संयोग है, माँ नर्मदा के अनन्य भक्त दादा गुरू को माँ नर्मदा के जल पर 1700 दिन पूरे हो गए, कल 1705 दिन होंगे, उस उपलक्ष्य में स्वयं दादा गुरु दमोह के जरारू धाम पधारे हैं। दादा गुरु के दर्शन हुये, ऐसी दिव्यमूर्ति जो लगभग 5 साल से माँ नर्मदा के जल पर है और जितना वह तेजी से चलते हैं, जरारूधाम पुण्यभूमि का तप है, इस दौरान यहाँ आये।

मंत्री पटेल ने कहा जरारूधाम में प्रतिवर्ष तीन बार पौधरोपण करते है। इस बार निमित्त है दादागुरु के 1705 दिन जल पर हुए हैं, शायद इतिहास में कभी कोई ऐसी प्रतिमूर्ति अभी तक ज्ञात नहीं है, जब उनके 1700 दिन पूर्ण हुए। आज 1705 पौधों का रोपण हो रहा है, यह स्मृति वन दादा गुरु के तप को समर्पित है, जरारुधाम की तपस्थली में तपस्वी पधारे और उनकी स्मृति में हम सब शामिल है, सभी ने पौधों का रोपण किया है, पहले हमने 10,000 पौधे लगाये थे।

---

### विश्व सिकल सेल दिवस 19 जून को 33 जिलों में लगेंगे विशेष शिविर

# सिकल सेल रोग उन्मूलन के राष्ट्रीय संकल्प को मध्यप्रदेश कर रहा साकारः राजेन्द्र शुक्ल

**विजय मत, भोपाल**



उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष-2047 तक देश को सिकल सेल मुक्त बनाने के लक्ष्य को लेकर सब एकजुट होकर कार्य कर रहे हैं। सिकल सेल रोग के उन्मूलन के राष्ट्रीय संकल्प को मध्यप्रदेश दृढ़ता से साकार कर रहा है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि सिकल सेल एक आनुवांशिक एवं असाध्य रक्त विकार है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी स्थानांतरित होता है। इसमें लाल रक्त कणिकाएँ अर्द्धचंद्राकार हो जाती हैं, जिससे ऑक्सीजन प्रवाह बाधित होता है और व्यक्ति को तीव्र दर्द, संक्रमण व अंग क्षति जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यह रोग विशेषतः जनजातीय समुदायों में अधिक पाया जाता है और मध्यप्रदेश जैसे जनजातीय बाहुल्य राज्य के लिए एक बड़ी स्वास्थ्य चुनौती है।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर 19 जून को बड़वानी में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन होगा। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल होंगे। इस अवसर पर प्रदेश के प्रभावित 33 जिलों में परामर्श, स्क्रीनिंग, रोग प्रबंधन और निःशुल्क उपचार के लिये विशेष शिविर लगाये जायेंगे। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया है कि सब मिलकर यह संकल्प लें कि वर्ष 2047 तक मध्यप्रदेश को सिकल सेल मुक्त बनाएंगे। हर नागरिक की स्क्रीनिंग कराएं, विवाह पूर्व सिकल सेल कार्ड को अनिवार्य रूप से अपनाएं और समाज में संकोच नहीं, समाधान का संदेश फैलाएं।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि राज्य सरकार ने सिकल सेल उन्मूलन को स्वास्थ्य न्याय का विषय मानते हुए इसे मिशन मोड में अपनाया है।

### उच्च शिक्षा संस्थानों में 5 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने प्रवेश के लिए कराया पंजीयन

**भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत महाविद्यालयों में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं एनसीटीई पाठ्यक्रमों में सत्र 2025-26 की प्रवेश प्रक्रिया के प्रथम चरण में अब तक लगभग 1 लाख 33 हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश प्राप्त किया है। इनमें एनसीटीई पाठ्यक्रमों में लगभग 14 हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश प्राप्त किया है। स्नातक के लिए लगभग 90 हजार एवं स्नातकोत्तर के लिए लगभग 30 हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश शुल्क जमा कर दिया है। कुल 1 लाख 20 हजार विद्यार्थियों ने उच्च शिक्षा संस्थानों में अपना प्रवेश शुल्क जमा कर दिया है। उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत पिछले वर्ष सत्र 2024- 25 प्रथम चरण में स्नातक एवं स्नातकोत्तर में 96 हजार विद्यार्थियों एवं एनसीटीई पाठ्यक्रमों में लगभग 11 हजार, इस प्रकार कुल 1 लाख 7 हजार विद्यार्थियों ने उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रवेश प्राप्त किया था।

# 11वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 को, कलेक्टरों को निर्देश जारी

**विजय मत, भोपाल**

राज्य शासन द्वारा 11वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 को आयोजित करने के संबंध मे समस्त जिला कलेक्टरों को निर्देश जारी किये गये है। जारी आदेश में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए जिले की समस्त संस्थाओं को प्रेरित किया जायेगा, सभी कार्यक्रम आयोजकों को अपना पंजीयन कराना होगा। इसका पंजीयन लिंक https://yoga.ayush.gov.in/yoga-sangam पर होगा। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम जिले के पंचायत मुख्यालयों तथा पंचायत के अन्य ग्रामों एवं सभी नगरीय निकायों मुख्यालय एवं समस्त वार्डो में जनप्रतिनिधियों के सहयोग से कराया जायेगा। योग दिवस के कार्यक्रम के लिए भारत सरकार द्वारा योग निर्धारित प्रोटोकॉल अनुसार आयोजन होगा। इस कार्यक्रम के लिए जिले में पंतजलि योग संस्थान, श्रीरामचंद्र मिशन हार्टफुलनेस संस्थान, जन अभियान परिषद, म.प्र. योग आयोग एवं अन्य सहयोगी संस्थाओं से संबद्ध योग इन्स्ट्रक्टर/योगा वालेंटियर उपलब्ध है जिनकी सूची पृथक से आयुष विभाग द्वारा प्रदाय की जायेगी।

प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. यादव का 21 जून के योग दिवस कार्यक्रम में उद्धबोधन का सीधा प्रसारण प्रदेश के समस्त ग्रामों एवं वार्डो में कराया जायेगा। कार्यक्रम सुबह 6 बजे से 7.45 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जिसका प्रसारण लिंक म.प्र. जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रदाय किया जायेगा। सभी जिलों में उपलब्ध योग प्रशिक्षक एवं वालेंटियर्स को ट्रेंनिग कराने के लिए आयुष विभाग द्वारा ट्रेनिंग मॉडयूल तैयार किया गया है जिसके माध्यम से दिनांक 19 एवं 20 जून को ऑनलाइन ट्रेनिंग की व्यवस्था की जाएगी, जिसकी लिंक आयुष विभाग द्वारा प्रेषित की जायेगी।

योग दिवस कार्यक्रम के लिए जिले में योग आयोजन कराने वाली संस्थाओं का अधिकाधिक पंजीयन कराया जाना है। इस हेतु जिले में एक नोडल अधिकारी को नियुक्त किया जाये, नोडल अधिकारी योग दिवस कार्यक्रम उपरांत जानकारी एवं फोटो भारत सरकार के पोर्टल पर भेजने के लिए उत्तरदायी होगा।

---

**खास-खबर** — विभागीय अधिकारी बांधों का निरीक्षण कर वर्षा पूर्व सुधार कार्य पूर्ण करें

# बाढ़ नियंत्रण कक्ष में 24 घंटे कार्य सुनिश्चित करें : सिलावट

**विजय मत, भोपाल**



जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने निर्देश दिए हैं कि विभागीय अधिकारी वर्षा से पूर्व सभी बांधों का निरीक्षण करें एवं वर्षा से पहले ही आवश्यकतानुसार सुधार कार्य कर लिए जाएं। सभी बांधो के गेट्स का मेंटीनेंस कर उन्हें क्रियाशील स्थिति में रखा जाए।

जल संसाधन मंत्री सिलावट ने मंगलवार को मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख अभियंता विनोद कुमार देवड़ा आदि उपस्थित थे। क्षेत्रीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्मिलित हुए। बैठक में आगामी मानसून पूर्व तैयारियों एवं विभाग द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम की समीक्षा की गई।

प्रमुख अभियंता विनोद देवड़ा द्वारा वर्षा ऋतु से पूर्व बांधों की सुरक्षा और संभावित आपदा स्थितियों से निपटने संबंधी विभागीय योजना एवं विभाग द्वारा किए गए जल संरक्षण कार्यक्रमों की जानकारी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से दी गई। जल संसाधन मंत्री सिलावट ने निर्देश दिए कि जिला स्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित कर 24 घंटे क्रियाशील किया जाए। निरीक्षण दल गठित कर नियमित मॉनीटरिंग हो और वर्षा काल के दौरान कोई भी अधिकारी बगैर सक्षम अधिकारी की अनुमति के मुख्यालय न छोड़े।

जल संसाधन मंत्री सिलावट ने निर्देश दिए कि वर्षा काल में जब भी डैम से पानी छोड़ने की स्थिति बने जिले के सभी अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और अन्य महत्वपूर्ण संस्थाओं को अग्रिम सूचना दे दी जाए। जिन स्थानों पर पानी छोड़ा जा रहा है वहां जन सामान्य को पर्याप्त समय पूर्व पानी छोड़ने की सूचना अनिवार्य रूप से दी जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि विभागीय मैन्युअल के अनुसार वर्षा पूर्व निरीक्षण प्रतिवेदन विभागीय पोर्टल पर दर्ज किए जाएं और भारत सरकार द्वारा लागू डैम सेफ्टी एक्ट के अंतर्गत चिन्हित राज्यों के बांधों से संबंधित प्रतिवेदन भी समय पर भारत सरकार के पोर्टल पर दर्ज किए जाएं।

मंत्री सिलावट ने निर्देश दिए कि विभाग द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम को आगामी 14 दिनों में पूर्ण गति से क्रियान्वित किया

# संगठन सृजन अभियान में जीतू पटवारी की भागीदारी, कार्यकर्ताओं से किया सार्थक संवाद



**विजय मत, भोपाल**

आज विदिशा जिले के गंजबासौदा में आयोजित संगठन सृजन अभियान के तहत प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भागीदारी कर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से सीधा संवाद किया। इस अभियान का उद्देश्य संगठनात्मक ढांचे को सशक्त बनाना एवं कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करना है।

पटवारी ने अपने संबोधन में कहा, कार्यकर्ता हमारी रीढ़ हैं। जब तक जमीनी स्तर पर संगठन मजबूत नहीं होगा, तब तक कोई भी लक्ष्य अधूरा है। हमें घर-घर जाकर कांग्रेस की नीति, विचार और संकल्प को जनमानस तक पहुँचाना है। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ नेताओं में केंद्रीय पर्यवेक्षक श्रीमती ममता भूपेश , प्रभुसिंह ठाकुर , कुणाल चौधरी , राजेंद्र मालवीय , पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा , पूर्व मंत्री वीर सिंह रघुवंशी , जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी , एवं पूर्व विधायक निशंक जैन शामिल थे।


स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा जेयन ऑफसेट वर्क्स, 119 इनारा हाऊस रायसेन रोड भोपाल-462023 म.प्र. से मुद्रित एवं ई.एम.एस. 21 इंडस टाउन, होशंगाबाद रोड, मिसरोद, भोपाल म.प्र. से प्रकाशित, संपादक-सीता शुक्ला, प्रधान संपादक- विजय शुक्ला मो.-8889977997

आर.एन.आई.-पंजीयन नंबर MPHIN/2015/66998, ( *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा। Email-vijaymat.bhopal@gmail.com

### 35 किमी स्पीड होने पर गाड़ियां ट्रैक पर गिरने का खतरा, देशभर में ट्रोल हुआ

# रीडिजाइन होगा भोपाल का 90 डिग्री मोड़ वाला ब्रिज

**विजय मत, भोपाल**

भोपाल के ऐशबाग में बने 90 डिग्री मोड़ वाले रेलवे ओवरब्रिज का टर्निंग वाला हिस्सा फिर से बनेगा। पीडब्ल्यूडी के अफसरों ने बताया कि रेलवे के साथ मिलकर ब्रिज को रीडिजाइन किया जाएगा। अपने टर्निंग को लेकर यह ब्रिज पूरे देश में सुर्खियों में बना हुआ है। इसकी डिजाइन सोशल मीडिया पर भी जमकर ट्रोल हो रही है और इसके मीम्स भी बन रहे हैं।

हालांकि यह ब्रिज टूटेगा नहीं, सिर्फ इसकी टर्निंग सही की जाएगी, ताकि टकराकर वाहनों के गिरने का खतरा न रहे। इसके अलावा ब्रिज की डिजाइन तैयार करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।



### मंत्री राकेश सिंह ने कराई थी जांच

पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) से जांच करवाई थी। एनएचएआई ने ब्रिज को लेकर अपनी रिपोर्ट तैयार की थी, जिसमें 35-40 किमी प्रति घंटा से अधिक गति से गाड़ी नहीं चलाने का सुझाव दिया गया है। इससे अधिक स्पीड में गाड़ी चली तो हादसा होने का खतरा है। ऐसे में इस ब्रिज को रीडिजाइन करने का फैसला लिया गया है। हालांकि इस मामले में अधिकारी कुछ भी बोलने से बच रहे हैं।

### क्रॉसिंग बंद होने से ब्रिज की जरूरत

ब्रिज के निर्माण के समय रेलवे ने भी 90 डिग्री की इस टर्निंग पर आपत्ति की थी, लेकिन पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों ने यहां जगह कम होने का हवाला देते हुए कहा था कि और कोई विकल्प नहीं है। ऐशबाग रेलवे ₹ ॉसिंग बंद होने के बाद इस इलाके के लिए आरओबी एक बड़ी जरूरत है। इसलिए कम जगह में भी इसे बनाना होगा।

### 18 महीने में बनकर तैयार होना था

इस ब्रिज का निर्माण मई 2022 में शुरू हुआ था और इसे 18 महीने में पूरा करना था, लेकिन अब तक पूरी तरह से नहीं बन सका है। इसकी लागत 18 करोड़ रुपए है। 648 मीटर लंबे और 8 मीटर की चौड़ाई वाले ब्रिज का 70 मीटर हिस्सा रेलवे का है।

*सोशल मीडिया पर मीम्स भी बने... भोपाल में बना यह रेलवे ओवरब्रिज को लेकर लोग सोशल मीडिया पर मीम्स बना रहे हैं। इस ब्रिज पर 90 डिग्री के एंगल से मोड़ दिया गया है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि यहां वाहन कैसे टर्न लेंगे। वाहनों के या तो ब्रिज की दीवारों से या फिर आपस में टकराने का खतरा बना रहेगा।*

### नेपानगर के आदिवासी अधिकार सम्मेलन में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने किया ऐलान,

# भाजपा-आरएसएस गांव गांव में जाकर आदिवासियों को धर्म के नाम पर बांटने में लगी है, लेकिन आदिवासियों के ग्रंथ जंगल और जमीन हैं, आरएसएस भाजपा हमें पाठ पढ़ाने का काम न करें: सिंघार

**विजय मत, भोपाल**



रैली को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आदिवासियों की उपेक्षा करने को लेकर भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश में आज परिस्तिथियाँ बदलती जा रहीं है। आदिवासी जल जंगल और जमीन की बात करता है लेकिन उन्हें धर्मों में बांटा जा रहा है। आदिवासी प्रकृति की पूजा करता है। उन्होंने कहा कि हमारी पहचान धर्म नहीं धरती और जंगल से है। भाजपा आरएसएस गांव गांव में जाकर हमको बांटने में लगी है, क्योंकि भाजपा अगर बात करती है तो सिर्फ धर्म की करती है। उन्होंने कहा हमारे ग्रंथ ये जंगल, ये जमीन हैं, आरएसएस भाजपा हमें पाठ पढ़ाने का काम न करें।

सिंघार ने कहा कि भाजपा आदिवासियों को वनवासी कहती है वो इतिहास बदलना चाहती है। आरएसएस और भाजपा धर्म की बात करके वोट तो लेना चाहती है लेकिन आदिवासियों के अधिकारों की बात नहीं करना चाहती। उन्होंने कहा भाजपा आदिवासियों की संस्कृति खत्म करना चाहती है। वो तानाशाही कर रही है।

उमंग सिंघार ने कहा कि भाजपा ने 3 हजार रुपये लाडली बहनों को देने कहा लेकिन अब तक वादा पूरा नहीं किया। इन्होंने चुनाव के समय गैस की टंकी 450 रुपये में बांटी लेकिन आज वो खाली है। भाजपा सिर्फ सपने दिखाती है अपने मन की बात करती है लेकिन आदिवासियों के मन में क्या है उसकी बात नहीं सुनती। उन्होंने कहा कि मोदी जी मन की बात करते हैं तो आज आदिवासी के मन की बात भी सुनिए। आदिवासी अस्पताल चाहता है, अपने बच्चों के लिए स्कूल चाहता है, अपने जल-जंगल-जमीन पर पूरा अधिकार चाहता है।

## न्यूज इन शॉर्ट

### सीढ़ियों से गिरकर घायल महिला की अस्पताल में मौत

**भोपाल।** देहात क्षेत्र के परवलिया सड़क थाना इलाके में बीते दिनो अपने घर में सीढ़ियों से गिरकर गंभीर रुप से घायल हुई विवाहिता की हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। करीब सात दिन पहले हुए हादसे में विवाहिता के सिर के पिछले हिस्से में गंभीर चोंट आई थी। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना इलाके में स्थित ग्राम कलाखेड़ी में रहने वाले नरेश मीना पेशे से खेती- किसानी का काम करता है। बीती 13 जून को उसकी पत्नि रूमा मीना (40) घर में काम के दौरान सीढ़ियो से गिरकर घायल हो गई थी। परिजन पहले उसे इलाज के लिये निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वहॉ उसकी नाजुक होने के कारण बाद में परिवार वालो ने उसे हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान सोमवार को रुमा की मौत हो गई। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिवार वालो को सौंप दिया है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की जांच की जायेगी।

### ब्रांडेड नाम से नकली सुपारी का गुटखा बनाकर बेचने वालो पर मामला दर्ज

**भोपाल।** पुराने शहर की शाहजहांनाबाद थाना पुलिस ने जैन मंदिर रोड एक दुकान व फैक्ट्री पर रेड मारते हुए ब्रांडेड नाम से नकली सुपारी का गुटखा बनाकर बेच रहे संचालक समेत दो के खिलाफ कॉपी राइट एक्ट समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। कार्यवाही के दौरान हजारों रुपए के गुटखे के पाउच व अन्य सामान बरामद किया गया है। पुलिस के मुताबिक नागपुर महाराष्ट्र से मुरली कुकरेजा ने थाने आकर लिखित शिकायती आवेदन देते हुए बताया की उनकी कंपनी नंबर वन के नाम से मीठी सुपारी के नकली पाउच बनाकर बेचे जा रहे हैं। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केके प्रोडक्शन संस्थान पर छापामार कार्रवाई की। कार्यवाही के दौरान पता चला की वहॉ पर नकली गुटके का निर्माण और वि₹ य किया जा रहा था। पुलिस ने संस्था के संचालक रामकिशन यादव और प्रोडक्शन कंट्रोलर हिमांशू वर्मा के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। घटना के बाद से संचालक रामकिशन यादव फरार हैं। पुलिस ने बताया की नकली गुटखा तैयार करने के लिए फैक्ट्री में लाखों रुपए की मशीनें लगाई गई हैं। जप्त माल को पुलिस ने जांच के लिए भेज दिया है।

### वीर सावरकर सेतु के नीचे मिली कबाड़ी की लाश

**भोपाल।** बागसेवनिया थाना पुलिस वीर सावरकर सेतु के नीचे से एक कबाड़ी की लाश बरामद की है। पुलिस मामले को संदिग्ध मानकर आगे की जॉच कर रही है। थाना पुलिस के अनुसार बीती शाम संजय मेहरा से मिली सूचना मिलने पर इलाके के एम्प्री तिराहे के पास ब्रिज के नीचे से एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। शव की पहचान हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित 12 नंबर मल्टी के पास रहने वाले सुनील साहू पिता तेजराम साहू (35) के रुप में हुई। सुनील कबाड़ी का काम करता था, वहीं पुलिस को खबर देने वाला संजय भी उसके साथ काम करता था। संजय ने पुलिस को बताया की सुनील अविवाहित था, उसे रोजाना ही शराब पीने की लत थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिये भेज दिया है। जॉच टीम का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने पर ही मौत का कारण पता चल सकेगा जिसके बाद ही आगे की कार्यवाही की जायेगी।

### छत से गिरकर घायल हुई वृद्धा ने पॉच दिन दम तोड़ा

**भोपाल।** अशोका गार्डन थाना इलाके में बीते दिनो छत से गिरकर घायल हुई वृद्ध महिला की इलाज के दौरान मोत हो गई। थाना पुलिस ने बताया की कैलाश नगर सेमरा में रहने वाली कामता जैन पति किशोर जैन (62) गृहणी थीं। बीती 13 जून की शाम वह मकान की छत पर कपड़े सुखाने गईं थी। लौटते समय अचानक उन्हें चक्कर आया और वह छत से नीचे गिर गई। ऊचांई से गिरने के कारण उनके सिर में गंभीर चोट आई थी। परिजनों ने उन्हें इलाज के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उपचार के दौरान बीते दिन उनकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंच पुलिस को परिवार वालो ने बताया कि कामता जैन को हाई ब्लड प्रेशन की शिकायत थी। आंशका है की अचानक बड़े ब्लड प्रेशर के कारण चक्कर आया और संतुलन बिगड़ने से वह हादसे का शिकार हो गई। पुलिस ने मर्गा कायम पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

### तीन अफसरों की टीम पूछताछ के लिए अपने साथ सवालों की सूची लेकर आए

# सोनम के घर पहुंचे शिलांग पुलिस के तीन अफसर, मां, भाई व पिता से लंबी पूछताछ

**विजय मत, ब्यूरो, इंदौर**

अपने पति की शिलांग में हनीमून के दौरान हत्या करने वाली सोनम रघुवंशी के इंदौर स्थित घर पर शिलांग पुलिस पहुंची। डेढ़ घंटे तक पुलिस ने सोनम के भाई गोविंद, मां और पिता से पूछताछ की। तीन अफसरों की टीम पूछताछ के लिए अपने साथ सवालों की सूची लेकर आए थे। उन्होंने गोविंद से पूछा कि सोनम के अकाउंट में इतनी राशि कैसे पहुंची। इसके अलावा शादी न करने के बारे में सोनम का क्या रुख था।

इस बारे में भी उन्होंने सोनम की मां से सवाल किए। सोनम के भाई को शिलांग भी जाना होगा, क्योकि सोनम ने गाजीपुर से सबसे पहले गोविंद को ही कॉल किया था। जब सोनम की जैकेट खाई में मिली थी तो गोविंद ने कहा था कि जैकेट सोनम की नहीं है। बुधवार दोपहर तीन अफसर राजा बाग पहुंचे। सोनम का भाई गोविंद गली के मोड़ पर उनका इंतजार कर रहा था। तीनों अफसरों ने सोनम की मां से पूछा कि सोनम की शादी मर्जी से की गई या उसने इनकार किया था। राज व सोनम के रिश्ते के बारे में भी सवाल पूछे गए। गोविंद से अफसरों ने पूछा कि सोनम के बैंक अकाउंट में जो सोलह लाख रुपये थे। वह कहां से



*गोविंद के दफ्तर व गोडाउन पर भी पुलिस ने ली तलाशी... सोनम के घर के बाद शिलांग पुलिस के अधिकारी स्कीम नंबर 54 पीयू-4 में गोविंद के दफ्तर भी पहुंचे। यहां सोनम बतौर एचआर मैनेजर काम देखती थी। गोविंद की गैरमौजूदगी में वह यहां का दफ्तर संभालती थी। अधिकारियों ने यहां से कुछ दस्तावेज जब्त किए। इस दफ्तर में राज ज्यादा नहीं आता जाता था। वह फिल्ड के काम देखता था। आधे घंटे यहां तलाशी के बाद अधिकारी लसुड़िया क्षेत्र में गोडाउन पर भी पहुंचे थे। पांच बजे तक पूछताछ और तलाशी करने के बाद अफसर लौट गए।*

### एक नहीं, दो नहीं, तीन लड़के के साथ... सोनम के 3 'राज' और उड़ गई तीन राज्यों की पुलिस की नींद

राजा रघुवंशी की हत्या के आरोप में जेल में बंद पत्नी सोनम रघुवंशी के बारे में हर रोज नए खुलासे हो रहे हैं. शिलॉन्ग पुलिस ने बुधवार को एक बड़ा खुलासा किया है, जिससे इंदौर पुलिस की नींद उड़ गई है. शिलॉन्ग पुलिस के इस खुलासे के यूपी पुलिस की मुश्किल बढ़ जाए तो हैरानी नहीं होगी. क्योंकि राजा रघुवंशी की मौत की असली वजह अभी तक पुलिस को नहीं मिल सकी है. बुधवार को राजा रघुवंशी की पत्नी सोनम रघुवंशी के बारे में एक ऐसी जानकारी मिली है, जिससे 3-3 'राज' का पता चल रहा है. सोनम एक नहीं, दो नहीं तीन-तीन लड़के को एक ही समय पर हैंडल कर रही थी. पहला, पति-राजा, दूसरा- प्रेमी राज और तीसरा आशिक, संजय वर्मा को एक साथ घुमा रही थी.सोनम रघुवंशी के खिलाफ नए खुलासे के बाद मेघालय पुलिस की जांच में सनसनीखेज मोड़ आ गया है।

# नए कोरोना मरीजों की ट्रैवल हिस्ट्री भी नहीं, मतलब शहर में ही फैल रहा वायरस

**विजय मत, ब्यूरो, इंदौर**

इंदौर में कोरोना के मरीज लगातार बढ़ते जा रहे हैं। भाजपा शहर अध्यक्ष सुमित मिश्रा कोरोना पॉजिटिव हैं और अस्पताल में भर्ती हैं। मंगलवार को भी 8 नए कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, इन मरीजों में से किसी की भी ट्रैवल हिस्ट्री नहीं पाई गई है। इससे पता चलता है कि शहर में अब कोरोना फैल रहा है। इस साल अब तक इंदौर में कोरोना के कुल 130 से अधिक मामले सामने आ चुके हैं। इनमें से 120 मरीज इंदौर के ही हैं। वर्तमान में 72 मरीज सक्रिय हैं, जिनका इलाज होम आइसोलेशन में किया जा रहा है। हालांकि, तीन मरीजों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

### इंदौर में कोरोना से तीन मौतें

इस साल इंदौर में कोरोना से तीन मरीजों की मौत हुई है। इनमें एक 72 वर्षीय महिला शामिल है, जो किडनी और अन्य बीमारियों से ग्रस्त थी। इसके अलावा, एक महिला खरगोन जिले से और एक महिला रतलाम जिले से थीं, जो अन्य बीमारियों से पीड़ित थीं।



### हल्के लक्षणों के साथ मरीजों का इलाज जारी

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हसानी ने बताया कि मंगलवार को मिले सभी 8 नए मरीजों में हल्के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल कोई भी गंभीर चिंता की बात नहीं है और स्थिति नियंत्रण में है। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है और कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी है। विशेष रूप से लोगों को भीड़-भाड़ वाले इलाकों से बचने के लिए कहा गया है।

### कोरोना टेस्टिंग की प्रक्रिया जारी

शहर में कोरोना टेस्टिंग की प्रक्रिया अब भी जारी है। एमवाय अस्पताल और एमआरटी अस्पताल में सरकारी स्तर पर निःशुल्क कोविड टेस्ट किए जा रहे हैं। इसके अलावा, प्री-अप्रूव्ड निजी लैब्स में भी कोरोना टेस्ट की सुविधा उपलब्ध है। नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे नियमित रूप से कोरोना परीक्षण करवाते रहें, ताकि किसी भी संभावित संक्रमण को जल्दी पहचाना जा सके।

# विसबल दक्षिणी जोन क्रीड़ा प्रतियोगिता-2025 भोपाल में खिलाड़ियों का दमखम, पदकों की झड़ी

**विजय मत, भोपाल**

राजधानी भोपाल इन दिनों खेलों के जश्न में डूबी हुई है। विसबल दक्षिणी जोन क्रीड़ा प्रतियोगिता-2025 का आयोजन 16 जून से 19 जून तक 7वीं वाहिनी विसबल, भोपाल के तत्वावधान में किया जा रहा है, जिसमें पूरे दक्षिणी जोन की विभिन्न बटालियनों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के तहत फुटबॉल, वॉलीबॉल, बॉस्केटबॉल, हैंडबॉल, खो-खो, बैडमिंटन, जिम्नास्टिक, बॉक्सिंग, तैराकी, तीरंदाजी, तलवारबाजी, आर्म रेसलिंग, वेट और पॉवर लिफ्टिंग, सायक्लिंग, एथलेटिक्स, वाटर स्पोर्ट्स (क्याकिंग, केनोइंग, रोइंग) और क्रिकेट जैसे खेलों का आयोजन लाल परेड ग्राउंड, टीटी नगर स्टेडियम, जलक्रीड़ा केंद्र भदभदा रोड और पुलिस लाइन नेहरू नगर भोपाल सहित विभिन्न स्थानों पर किया गया। प्रतियोगिता का समापन समारोह 19 जून 2025 को शाम 5:50 बजे टीटी नगर स्टेडियम, भोपाल में मुख्य अतिथि चंचल शेखर, एडीजी (विसबल) की उपस्थिति में आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि चंचल शेखर (अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, विसबल) के साथ योगेश चौधरी (एडीजी, प्रबंध), राकेश गुप्ता (एडीजी, खेल और युवा कल्याण), इरशाद वली (आईजी, विसबल मुख्यालय), यूसुफ कुरैशी (डीआईजी, विसबल मध्य क्षेत्र) और हितेश चौधरी (सेनानी, 7वीं वाहिनी) द्वारा पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया।




### जल गंगा संवर्धन अभियान

# जल स्रोतों की सफाई के साथ जन समुदाय ने इनके सरंक्षण की ली शपथ

**विजय मत, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेश में 30 मार्च से शुरू किये गये जल गंगा संवर्धन अभियान में जल संरचनाओं की साफ-सफाई के साथ जन समुदाय में इनके संरक्षण और जल की बचत करने की शपथ ली। अभियान में जन अभियान परिषद के साथ-साथ अनेक स्वयंसेवी संस्थाओं ने आगे बढ़कर इस पुनीत कार्य में अपनी भागीदारी की। छिन्दवाडा जिले में सामुहिक जनभागीदारी से जल संरक्षण के कार्य लगातार किये जा रहे हैं। जल चौपाल में ग्रामीणों को पानी की बचत के महत्व के बारे में बताया जा रहा है। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की पहल पर जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक संजय बामने के नेतृत्व में ग्राम पंचायत जम्बाकिराडी के दुर्गबाड़ा में ग्राम में निर्मित तालाब की ग्रामीणों ने सफाई की। इसी के साथ ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। विकासखंड बिछुआ के सेक्टर क्रमांक-02 खमरा की इंद्रा कॉलोनी में श्रमदान कर सोखता गड्ढा बनाया गया।



**खास-खबर** कई जिलों में मानसून आज करेगा प्रवेश

# प्रदेश में आज बदला रहेगा मौसम, 5 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

**विजय मत, भोपाल**

मध्य प्रदेश में आंधी बारिश का दौर जारी है। प्रदेश के 5 जिलों में बुधवार को भारी बारिश का अलर्ट है। भारी बारिश के अलर्ट वाले जिलों में धार, झाबुआ, रतलाम, नीमच और मंदसौर शामिल हैं। मौसम विभाग ने कहा है कि आज भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर समेत पूरे प्रदेश में बारिश, तेज आंधी और गरज-चमक वाला मौसम रहेगा। अलग-अलग स्थानों पर बनी चार मौसम प्रणालियों के असर से मानसून के आगे बढ़ने का सिलसिला बना हुआ है। अब तक प्रदेश के इंदौर समेत 19 जिलों में मानसून की एंट्री हो गई है। वहीं, अगले 24 घंटे के अंदर भोपाल, उज्जैन-जबलपुर में भी मानसून पहुंच सकता है।

इंदौर समेत प्रदेश के 19 जिलों में मंगलवार तक मानसून पहुंच गया। इस दौरान प्रदेश में आंधी-बारिश का दौर भी जारी रहा। मंगलवार को सिंगरौली में आकाशीय बिजली गिरने से दो बच्चियों की मौत हो गई। वहीं, भोपाल, राजगढ़, धार, रतलाम, छिंदवाड़ा, जबलपुर, मंडला, सतना, टीकमगढ़ समेत कई जिलों में बारिश दर्ज की गई। बारिश की वजह से दिन के तापमान में भी गिरावट हुई है। शिवपुरी में ही पारा सबसे ज्यादा 40 डिग्री रहा। वहीं, सबसे कम तापमान इकलौते हिल स्टेशन पचमढ़ी में 28.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 5 बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 34.4 डिग्री, इंदौर में 32.2 डिग्री, ग्वालियर में 38.5 डिग्री, उज्जैन में 33 डिग्री और जबलपुर में पारा 34.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विभाग की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि वर्तमान में आंधी और बारिश के 4 सिस्टम एक्टिव है। गुजरात क्षेत्र और पड़ोसी हिस्से में लो प्रेशर एरिया (कम दवाब क्षेत्र) और एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम सक्रिय है। वहीं, वेस्टर्न डिस्टरबेंस और टर्फ की एक्टिविटी भी देखने को मिल रही है। इस वजह से अगले चार दिन तक पूरे प्रदेश में मौसम बदला रहेगा। कुछ जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। यानी, 24 घंटे में सवा 4 इंच पानी गिर सकता है।

इस बार देश में मानसून 8 दिन पहले ही आ गया था। वहीं, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में यह तय समय से पहले पहुंच गया। ऐसे में अनुमान था कि मध्यप्रदेश में यह जून के पहले सप्ताह में ही आ जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पिछले 15 दिन से मानसून महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ में एक ही जगह पर ठहरा रहा।



# रामभाई ने उठाया पुल का मुद्दा, मंत्री दौड़े उल्टे पांव





**विजय मत, ब्यूरो, बैरसिया/नजीराबाद**

म.प्र. कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष रामभाई मेहर विगत एक दिन पहले लगभग आठ-दस महीनों से राजधानी भोपाल के बैरसिया क्षेत्र के क्षतिग्रस्त पार्वती पुल का जायजा लेने पहुंचे। गौरतलब है,की लोकनिर्माण विभाग के द्धारा निर्मित यह पुल व्यापारिक एवं आवागमन की दृष्टि से बैरसिया, नजीराबाद, रुनाहा के आलावा विदिशा-शमशाबाद व अन्य क्षेत्रों की आबादी को राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़, ब्यावरा,पचोर इत्यादि स्थानों से जोड़ने के लिए अति महत्वपूर्ण व मुख्य मार्ग है।

उक्त क्षतिग्रस्त पुल के निरीक्षण के दौरान रामभाई मेहर ने नाममात्र के कथित वैकल्पिक मार्ग एवं क्षतिग्रस्त पुल पर से अपनी जान जोखिम में डालकर गुजरने वाले राहगीरों, ट्रक,बस,कार एवं लोडिंग ऑटो चालकों से चर्चा कर उनकी व्यथा को सुन समझकर कहा की पार्वती पुल के उस पार भी मंत्री, सांसद, विधायक भाजपा के और पुल के इस पर भी सांसद, विधायक भाजपा के होने बाद बीच में यह पुल जर्ज़र होकर जानलेवा बना हुआ है। इसके बाद भी पुल के निर्माण को लेकर बैरसिया विधायक विष्णु खत्री की अभी भी ÷कुंभकर्णी नींद÷ नहीं टूट रही है।ये बड़े शर्म की बात है।रामभाई ने कहा की पहली बारिश में ही यह रास्ता जोखिम से भरा होकर पूरी तरह से बंद हो जाएगा।रामभाई ने शासन-प्रशासन को आगाह करते हुए कहा की शीघ्र ही इस पुल का निर्माण नहीं किया गया तो वह जनता के साथ मिलकर जल सत्याग्रह करेंगे। कांग्रेस नेता रामभाई मेहर के पुल निरीक्षण एवं राहगीरों से वार्तालाप का यह वीडियो जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वैसे ही आनन-फानन में म.प्र. शासन के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार( ब्यावरा) एवं नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के पास भोपाल आकर पार्वती नदी पर क्षतिग्रस्त पुल के निर्माण की शीघ्र स्वीकृति से संबंधित आग्रह करने लग गए।

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

## धार्मिक यात्रा में बढ़ती हवाई दुर्घटनाएं

भारत धर्म और आस्था का देश है, लेकिन यहाँ धार्मिक यात्राएं सुरक्षित नहीं हैं। जब चारधाम जैसी यात्रा भी सुरक्षित नहीं है तो दूसरे की बात छोड़िए। धार्मिक स्थलों पर आए दिन श्रद्धालुओं के मरने की घटनाएं होती रहती हैं। उत्तराखंड में आए दिन हेलीकॉप्टर दुर्घटनाएं सुर्खियों में हैं। मई और जून में अब तक पांच दुर्घटनाएं सिस्टम को हिलाकर रख दिया है। हादसों में चालक दल के साथ 14 लोग मारे जा चुके हैं। पवित्र चारधाम यात्रा के दौरान यह आम बात हो गईं है। जून 2009 से जून 2025 तक 15 हेलीकॉप्टर क्रैश की घटनाएं हो चुकी हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबित 16 साल में इस तरह की दुर्घटनाओं में 45 लोगों की मौत हुईं है। रविवार 15 जून को गौरीकुंड के पास एक हेलीकॉप्टर की दुर्घटना में पायलट सहित 7 लोग मारे गए। चार धामयात्रा प्रबंधन ने इसके पूर्व हुईं दुर्घटनाओं से सबक नहीं लिया। 17 मई को केदारनाथ में एम्स ऋषिकेश की एक हेली एम्बुलेंस की इमरजेंसी लैंडिंग हुई जिसमें हेलीकॉप्टर का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। एक अन्य रिपोर्ट के मुताबित 12 वर्षों में केदारनाथ में कुल 14 हेलीकॉप्टर दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें 33 लोगों की मौत हुई। धार्मिक यात्रा के दौरान बढ़ता जोखिम हमारी व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा है। नागरिक और उड्डयन मंत्रालय को इस तरह के हादसों पर गंभीर कदम उठाने की आवश्यकता है। निजी एविएशन कंपनियों पर नकेल कसने की जरूरत है। धार्मिक स्थलों पर बढ़ते हादसे हमारे विश्वास और आस्था पर चोट पहुँचाते हैं। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के दौरान बढ़ते हेलीकॉप्टर हादसे को देखते हुए मुख्यमंत्री धामी ने उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिया है। निश्चित रूप से राज्य सरकार का यह उचित फैसला। भारत सरकार के डीजीसीए ने अगले आदेश तक हेलीकॉप्टर की सभी उड़ानों पर रोक लगा दिया है। लेकिन सिर्फ रोक से काम नहीं चलेगा सम्वधित घटनाओं की जाँच होनी चाहिए। सवाल उठता है किस तकनीकी गड़बड़ियों की वजह से हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं।

**नोट**

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# वैश्विक स्तर पर भारत के विरुद्ध पुन: गढ़े जा रहे झूठे विमर्श

**प्रहलाद सबनानी**

वैश्विक स्तर पर आर्थिक जगत में भारत का उदय कुछ देशों को रास नहीं आ रहा है। विकसित देशों के बीच पूरे विश्व में भारत आज सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है। जापान, ब्रिटेन, फ्रांन्स, इटली आदि देशों से आगे निकलते हुए भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और शीघ्र ही लगभग एक वर्ष के बाद जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए भारत के विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के आसार भी अब स्पष्टत- दिखाई दे रहे हैं। भारत एक ओर अतिआधुनिक तकनीकि के आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स एवं डाटा सेंटर जैसे क्षेत्रों में पूरे विश्व का नेतृत्व करता हुआ दिखाई दे रहा है तो दूसरी ओर वित्तीय क्षेत्र में ऑनलाइन व्यवहारों के मामले में भी भारत आज कई देशों का मार्गदर्शन करता हुआ दिखाई दे रहा है। कुल मिलाकर भारत आज लगभग प्रत्येक क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनते हुए विश्व के अन्य देशों पर अपनी निर्भरता को कम करता जा रहा है। भारत के विकास की यह गति एवं राह कुछ देशों को बिलकुल उचित नहीं लग रही है एवं वे वैमनस्य का भाव पालते हुए भारत के विरुद्ध एक बार पुनः कुछ झूठे विमर्श गढ़ने का प्रयास कर रहे हैं।



भारत में किस प्रकार का आर्थिक विकास हो रहा है जिससे भारतीय नागरिकों की आय तो उतनी तेजी से नहीं बढ़ पा रही है, जिस तेजी से भारत का आर्थिक विकास होता हुआ दिखाई दे रहा है। आंकड़ों का उचित तरीके से विश्लेषण न करते हुए भारत के संदर्भ में गलत जानकारी देने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। यहां यह स्पष्ट करना जरूरी है कि किसी भी मामले में तुलना दो आमों के बीच ही सम्भव है आम एवं संतरे के बीच तुलना कैसे सम्भव है। भारत की जनसंख्या 140 करोड़ है, जबकि बांग्लादेश की जनसंख्या केवल 17 करोड़ से कुछ ही अधिक है। भारत एक विशाल देश है जिसमें 60 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या आज भी गावों में निवास करती है। भारत में 28 राज्य एवं 8 केंद्र शासित प्रदेश हैं। बांग्लादेश, भारत के सामने एक पिद्दी सा देश है। यदि तुलना करनी ही हो तो भारत की तुलना चीन से की जा सकती है। इसी प्रकार, बांग्लादेश की तुलना स्विट्जरलैंड, नीदरलैण्ड, स्वीडन आदि जैसे छोटे देशों से की जा सकती है। स्विट्जरलैंड में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 99,564 अमेरिकी डॉलर; नीदरलैण्ड में 64,572 अमेरिकी डॉलर एवं स्वीडन में 55,516 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति है। ब्रिटेन ने जब भारत में अपनी सत्ता को छोड़ा था अर्थात भारत ने वर्ष 1947 में जब राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त की थी तब भारत की 70 प्रतिशत से अधिक आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही थी, परंतु आज केवल 4 से 4.5 प्रतिशत भारतीय ही गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। जबकि, बांग्लादेश में लगभग 19 प्रतिशत नागरिक गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने को मजबूर हैं। भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार आज 4.19 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के आंकड़े को पार कर गया है जबकि बांग्लादेश के सकल घरेलू उत्पाद का आकार केवल लगभग 46,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर का है। सकल घरेलू उत्पाद को देश की कुल जनसंख्या से बांट कर ही प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़े को प्राप्त किया जा सकता है। भारत की जनसंख्या 140 करोड़ से अधिक है जबकि बांग्लादेश की जनसंख्या मात्र 17 करोड़ है। इससे प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद का आंकड़ा बांग्लादेश की तुलना में कुछ कम हो जाता है। भारत में पिछले कुछ वर्षों के दौरान बहुत संतुलित विकास हुआ है। भारत में न केवल धनाडयों की संख्या में अपार वृद्धि दर्ज हुई हे बल्कि गरीबी उन्मूलन पर भी पर्याप्त ध्यान दिया गया है जिससे गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों की संख्या में भी अतुलनीय कमी दर्ज हुई है।

> हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा जारी की गई एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 2,730 अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है, जबकि बांग्लादेश में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 2,870 अमेरिकी डॉलर है। इस प्रकार, भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के बावजूद प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में बांग्लादेश जैसे छोटे देश से भी पीछे है। अतः यह झूठा विमर्श गढ़ने का प्रयास किया जा रहा है।

बांग्लादेश की तुलना में भारत एक विशाल देश है एवं भारत के कई राज्यों यथा महाराष्ट्र, गुजरात एवं तमिलनाडु आदि का प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद बांग्लादेश की तुलना में दुगने से तिगुने आकार का है। इसी प्रकार, भारत के राज्य अभी भी कुछ पिछड़े राज्यों की श्रेणी में शामिल है, जैसे, बिहार, झारखंड आदि। परंतु किसी भी देश के प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद का औसत निकालते समय देश के समस्त राज्यों के आंकड़ों को शामिल करना होता है। इस कारण से भी भारत में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद का औसत कुछ कम हो जाता है।

हाल ही के समय में एक और कुतर्क दिया जा रहा है कि भारत में तेज गति से हो रही आर्थिक प्रगति के बीच भी बच्चों की जन्म-मृत्यु की दर अफ्रीकी देशों के समान बनी हुई है। इस प्रकार का झूठा विमर्श गढ़ते समय संभवत- वास्तविक स्थिति की ओर ध्यान ही नहीं दिया गया है। रजिस्ट्रार जनरल आफ इंडिया की एसआरएस रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 1,000 शिशुओं के जन्म के बीच शिशुओं की जन्म-मृत्यु दर केवल 26 है। जबकि अफ्रीकी देशों यथा नाईजीरिया में 67, कांगो में 62 एवं ईथियोपिया में 34 है। इन सभी अफ्रीकी देशों की तुलना में भारत में शिशुओं की जन्म-मृत्यु दर कम है। अतः भारत अब अफ्रीकी देशों से इस मामले में बहुत आगे निकल आया है। हां, इस संदर्भ में भारत की तुलना यदि विकसित देशों से की जाएगी यथा अमेरिका में 5 एवं जापान में 2, तब जरूर भारत में इस स्थिति को अभी और अधिक सुधारने की आवश्यकता है, जिसके लिए केंद्र सरकार लगातार प्रयास कर रही है। विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार बहुत तेज गति से किया जा रहा है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

# बेटियाँ आगे बढ़ रही, पर मंच अब भी खाली

**सोनम लववंशी**

यूनेस्को की वैश्विक शिक्षा निगरानी रिपोर्ट 2024 जब यह कहती है कि लड़कियों की शैक्षणिक प्रगति वैश्विक स्तर पर उल्लेखनीय रही है, तो यह सिर्फ एक आंकड़ा नहीं, एक उम्मीद का सिरा है। भारत में भी यह बदलाव साफ नजर आता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लागू होने के बाद से प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक लड़कियों की भागीदारी में बढ़ोतरी हुई है। उच्च शिक्षा में उनकी भागीदारी अब 49 प्रतिशत तक पहुँच चुकी है। यह एक ऐसा तथ्य है जो न केवल भारत के भविष्य की दिशा तय करता है, बल्कि सामाजिक संरचना में बदलाव के संकेत भी देता है, किंतु इसी उजाले के साथ एक लंबी छाया खिंचती है। जब बात नेतृत्व की होती है, चाहे वह राजनीति का क्षेत्र हो, कॉरपोरेट की ऊँचाइयाँ, या तकनीकी दुनिया के निर्णायक मोर्चे, महिलाएं वहाँ बहुत पीछे खड़ी नजर आती हैं। केवल 7.2 प्रतिशत भारतीय कंपनियों में महिलाएं सीईओ पद पर हैं। संसद में उनकी भागीदारी 14 प्रतिशत से भी कम है। वैश्विक स्तर पर यह आंकड़ा थोड़ा ही बेहतर है। विश्व बैंक की साल 2024 की रिपोर्ट की माने तो, विश्वभर में शीर्ष नेतृत्वकारी पदों में केवल 10 प्रतिशत हिस्सेदारी महिलाओं की है। यह आंकड़े न सिर्फ स्थिति की गंभीरता बताता हैं, ये सवाल भी उठाता हैं कि आखिर क्यों शिक्षा में आगे निकल चुकी महिलाएं नेतृत्व के पायदान पर पिछड़ जाती हैं?



पितृसत्तात्मक सोच, सामाजिक अपेक्षाएं, और कार्यस्थलों पर मौजूद लैंगिक भेदभाव की संरचनाएं मिलकर एक ऐसा वातावरण निर्मित करती हैं, जहाँ महिलाएं नेतृत्व के अवसरों से वंचित रह जाती हैं। अवसर मिलने पर भी उन्हें दुगना संघर्ष करना होता है। राजनीति जैसे क्षेत्र में तो यह और भी कठिन हो जाता है, जहाँ जोखिम, सार्वजनिक आलोचना, और कभी-कभी हिंसा तक का सामना करना पड़ता है। विश्व आर्थिक मंच की 2024 की रिपोर्ट बताती है कि कार्यबल में वैश्विक रूप से महिलाओं की भागीदारी 42 प्रतिशत है, लेकिन वरिष्ठ नेतृत्व में यह संख्या घटकर केवल 31.7 प्रतिशत रह जाती है। इसी प्रकार, स्टीम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) क्षेत्रों में महिलाओं की वैश्विक भागीदारी मात्र 28.2 प्रतिशत है। इसका अर्थ यह है कि महिलाएं केवल शिक्षा तक सीमित नहीं, ज्ञान के अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी अनदेखी का शिकार हैं।

वेतन असमानता भी एक बड़ी बाधा है। विश्व बैंक की वीमेन, बिज़नेस एंड द लॉ-2024 की रिपोर्ट बताती है कि महिलाएं औसतन पुरुषों की तुलना में 2.4 घंटे अधिक अवैतनिक देखभाल कार्य करती हैं। इसके अतिरिक्त, 98 देशों में समान वेतन के कानून तो हैं, लेकिन केवल 35 देशों में ही ऐसे कानूनों के प्रवर्तन और पारदर्शिता के लिए मजबूत ढांचा है। इसका सीधा प्रभाव महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता और नेतृत्वकारी भूमिका पर पड़ता है। इन सबके बावजूद, तस्वीर पूरी तरह धुंधली नहीं है। बदलाव की किरणें मौजूद हैं। भारत में पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को आरक्षण दिए जाने के बाद से स्थानीय स्तर पर नेतृत्व में उनकी भागीदारी में सुधार देखा गया है। यह दिखाता है कि जब अवसर और संरचना दोनों सकारात्मक रूप में मिलते हैं, तो महिलाएं नेतृत्व में भी उत्कृष्टता दिखा सकती हैं। वैश्विक स्तर पर भी प्रयास किए जा रहे हैं। विश्व बैंक की जेंडर स्ट्रेटेजी 2024-2030 का लक्ष्य है कि 2030 तक 300 मिलियन महिलाओं को डिजिटल कनेक्टिविटी, 250 मिलियन को सामाजिक सुरक्षा नेटवर्क और 80 मिलियन महिला-नेतृत्व वाले व्यवसायों को वित्तीय समर्थन दिया जाए। ये योजनाएं महिलाओं को सशक्त करने के प्रयास नहीं, एक समावेशी भविष्य की नींव हैं। सवाल यह है कि इस नींव पर हम कैसे निर्माण करेंगे? सबसे पहले तो जरूरी है कि समाज में गहराई तक समाई लैंगिक रूढ़ियों को तोड़ा जाए। यह काम केवल पाठ्यक्रम बदलने या पोस्टर लगाने से नहीं होगा। इसके लिए जरूरी है कि बचपन से ही लड़के और लड़कियों दोनों को समानता, नेतृत्व और सह-अस्तित्व के मूल्यों की शिक्षा दी जाए।

> यह सवाल और भी गंभीर तब हो जाता है, जब हम मातृसत्तात्मक समाज की बात करते हैं। मेघालय इसका ज्वलंत उदाहरण है। यहाँ खासी और जयंतिया जनजातियों में संपत्ति और वंशानुक्रम महिलाओं से जुड़ा है। इन सबके बावजूद इस राज्य की विधानसभा में महिलाओं की भागीदारी बहुत कम या यूं कहें नाममात्र ही है। ऐसे में यह विसंगति केवल सांस्कृतिक ही नहीं, संरचनात्मक और मनोवैज्ञानिक भी है। क्या यह किसी सुनियोजित दमन का परिणाम है, या महिलाएं स्वयं नेतृत्व से दूर रहना चाहती हैं? शायद सत्य इन दोनों के बीच कहीं छिपा है, क्योंकि देश के बाकी हिस्सों की स्थिति भी काफी दयनीय है।

कार्यस्थलों पर भी व्यापक बदलाव जरूरी हैं। मातृत्व अवकाश, लचीली कार्य व्यवस्था, यौन उत्पीड़न के मामलों में सख्त कार्यवाही, और महिलाओं की पदोन्नति के लिए पारदर्शी और न्यायसंगत प्रणाली का निर्माण अनिवार्य है। राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए सिर्फ आरक्षण पर्याप्त नहीं होगा। यह सुनिश्चित करना होगा कि आरक्षण सांकेतिक न रहे, बल्कि उसके माध्यम से वास्तविक और प्रभावी नेतृत्व उभर कर सामने आए। इसके लिए उन्हें प्रशिक्षण, संसाधन और एक सुरक्षित सार्वजनिक वातावरण प्रदान करना होगा। समाज को यह समझने की आवश्यकता है कि महिलाओं का नेतृत्व महिलाओं के लिए नहीं, पूरे समाज के विकास के लिए जरूरी है। जिन क्षेत्रों में महिलाओं को नेतृत्व का अवसर मिला है, वहाँ निर्णय प्रक्रिया अधिक समावेशी, दीर्घकालिक और मानवीय दृष्टिकोण वाली रही है।

महिलाओं की शिक्षा में हो रही प्रगति सराहनीय है, लेकिन यह तब तक अधूरी है जब तक वह नेतृत्व की ऊँचाइयों तक न पहुंचे। जब एक शिक्षित लड़की केवल एक नौकरी ही नहीं, बल्कि एक संस्था, एक आंदोलन, या एक नीति का नेतृत्व करती है, तभी हम कह सकते हैं कि शिक्षा ने अपना उद्देश्य पूरा किया है। समाज को यह स्वीकारना होगा कि नेतृत्व कोई जन्मगत विशेषाधिकार नहीं, अर्जित किया गया दायित्व है और जब तक महिलाओं को इस दायित्व को निभाने का पूरा अवसर नहीं मिलेगा, तब तक हम एक सशक्त, समावेशी और प्रगतिशील राष्ट्र नहीं बन सकते। अतः यह समय केवल आंकड़ों की तालिका सजाने का नहीं, उन आंकड़ों को जीने और बदलने का है। यह समय है कि हम लड़कियों की शिक्षा से आगे बढ़कर उन्हें नेतृत्व के मंच तक पहुँचाएं। क्योंकि जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं, तो समाज भी आगे बढ़ता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

## एफएटीएफ के निशाने पर है पाक का आतंकवाद

**ललित गर्ग**

विश्व में मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद के वित्तपोषण पर नजर रखने वाली संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्य बल ( एफएटीएफ ) ने भले ही अभी पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में नहीं डाला है, लेकिन उसने अंततः 22 अप्रैल को पहलगाम की क्रूर आतंकवादी हमले की निंदा की है। ऐसा करते हुए एफएटीएफ ने भारत की तार्किक दलील पर ही मोहर लगायी है जो भारत की इस विषयक सफलता को द्योतक हैं। एफएटीएफ ने दो टूक शब्दों में कह दिया है कि 'ऐसे घटनाक्रम बिना पैसे और आतंकवादियों के समर्थकों के बीच फंडों के स्थानांतरित करने के बगैर नहीं हो सकते।' आखिरकार भारत की यह चिर-प्रतीक्षित मांग कि पाक को आतंकवाद के पोषण के लिये कटघरे में खड़ा किया जाए, इस मांग के सफलता की सीढ़ियां चढ़ने का ही संकेत हैं। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद विश्व जनमत को पाकिस्तान की हकीकत बताने के जो सार्थक प्रयास किए थे, भारत के सांसदों एवं अफसरों के प्रतिनिधिमण्डल को पाक को बेनकाब करने के लिये विश्व के प्रमुख देशों में भेजा, वे फलीभूत होते नजर आ रहे हैं। एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में किसी देश को तब तक निगरानी में रखा जाता है, जब तक कि वह अपनी वित्तीय प्रणाली में पहचानी गई खामियों, त्रुटियों, विसंगतियों को ठीक नहीं कर लेता। पाकिस्तान निरंतर आतंकवाद को पोषण एवं प्रोत्साहन देने के लिये 2022 तक ग्रे लिस्ट में था, उसी वर्ष उसे ग्रे लिस्ट से हटाया गया, बावजूद पाकिस्तान ने कोई सुधार नहीं किया है और आतंकवादियों को न सिर्फ सुरक्षित पनाहगाह उपलब्ध करा रहा है, बल्कि आतंकवाद के वित्तपोषण जैसे आपराधिक कामों में भी खुद को शामिल करते हुए आतंकवाद की प्रयोगशाला बना हुआ है। एफएटीएफ ने फरवरी 2019 में पुलवामा आत्मघाती हमले की भी निंदा करते हुए ऐसे ही कठोर शब्दों का उपयोग किया था। लेकिन इस बार का अंतर यह है कि एफएटीएफ ने घोषणा की है कि 'राज्य प्रायोजित आतंकवाद' इसकी आगामी रिपोर्ट में आतंकवाद के वित्तपोषण मामलों की जांच का हिस्सा होगा। दरअसल, पहलगाम नरसंहार के बाद भारत लगातार पाक को फिर से एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डालने की मांग करता रहा है। जो पाकिस्तान की अंतर्राष्ट्रीय ऋणों तक पहुंच को गंभीर रूप से सीमित कर देगा।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

## शब्द पहेली - 8402

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | | ■ | 3 | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | | ■ | 4 | | | 5 |
| 6 | | 7 | ■ | 8 | | | ■ | |
| ■ | 9 | | 10 | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | ■ | 13 | | | | 14 | ■ | |
| 15 | | ■ | | ■ | 16 | | 17 | ■ |
| | ■ | 18 | | | ■ | 19 | | |
| 20 | | | | ■ | 21 | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | | ■ | 22 | | | | ■ |

### बाएँ से दाएँ

1.वटवृक्ष, बट-4
4.मितव्यय,बचत-4
6. ......-सनाप, बेतुकी बकवास-3
8.भाड़ा-3
9.मृत्यु होना-3
11.खुशी, सहमत-2
13.अक्लमंद, समझ वाला-5
15.बलिदान, उत्सर्ग-2
16.जबान, जीभ, जिह्वा-3
18.गिरोह, मंडली, समूह-3
19.अपनापन, प्रेम, स्नेह-3
20.फूलना-फलना-4
22.अभिलाषा, आकांक्षा, हसरत-4

### ऊपर से नीचे

1.कलंकित, निंदित, लांछित-3
2.दुख, शोक, अफसोस-2
3.खात्मा, समाप्ति, बर्बाद-3
4.मकान आदि भाड़े पर लेने वाला-5
5.संस्कृति, सभ्यता-4
7.स्पर्श, छूना-3
10.ख्याति अर्जित करना (मु.-2,3)
12.वह आरोप जो किसी आरोप के जवाब में किया जाय-4
14.परंपरा, नियम, चाल -3
17.ख्याति, जाना-पहचाना-3
18.माला आदि फैरना-3
21.जेबकतरा, ठग, डाकू-2

### शब्द पहेली -8401 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | म | णी | य | ■ | ब | र | स | ■ |
| वा | म | ■ | की | ■ | ह | ■ | म | त |
| य | ■ | अ | न | ब | न | ■ | ■ | म |
| त | म | स | ■ | री | ■ | स | र | स |
| ■ | ■ | बा | ज | ■ | पा | रो | ■ | ■ |
| स | ली | ब | ■ | मी | ■ | व | ज | ह |
| ली | ■ | ■ | म | न | ह | र | ■ | रा |
| का | म | ■ | न | ■ | र | ■ | श | र |
| ■ | द | म | न | ■ | म | हा | व | त |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**19 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | मिथुन | 04.58 बजे से |
| चंद्र | मीन में | कर्क | 07.16 बजे से |
| मंगल | सिंह में | सिंह | 09.32 बजे से |
| बुध | मिथुन में | कन्या | 11.44 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | तुला | 13.55 बजे से |
| शुक्र | मेष में | वृश्चिक | 16.09 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 18.25 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 20.30 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 22.17 बजे से |
| | | मीन | 23.50 बजे से |
| | | मेष | 01.20 बजे से |
| | | वृष | 03.00 बजे से |

**राहुकाल** 1.30 से 3.00 बजे तक

**गुरुवार** 2025 वर्ष का 170 वा दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** अष्टमी 11.56 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराभाद्रपदा 23.17 बजे को समाप्त। **योग** आयुष्मान 05.24 बजे तदनन्तर सौभाग्य 02.46 बजे रात्र को समाप्त। **करण** कौलव 11.56 बजे तदनन्तर तैतिल 22.56 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 22.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 25'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872380
**जूलियन दिन** 2460845.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्हेज
**तारीख** 22

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से | 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से | 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से | 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से | 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से | 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से | 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## यूज़ इन शॉर्ट

### सिकल सेल दिवस पर आयोजित होगे विभिन्न कार्यक्रम

शहडोल। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिन्हा ने जानकारी दी है कि विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर 19 जून जिला स्तरीय कार्यक्रम शासकीय कन्या शिक्षा परिसर शहडोल (कंचनपुर) में प्रातः 11 बजे से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 19 जून से 3 जुलाई तक सिकिल सेल एनीमिया के प्रति जागरूक करने हेतु चित्रकला, रंगोली, निबंध प्रतियोगिता, नाटक एवं गायन आदि कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। जिले में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों, छात्रावास, आश्रम शाला, एवं शैक्षणिक संस्थानों के सभी विद्यार्थियों की सिकल सेल एनमिया की स्क्रीनिंग की जाएगी।

### काँग्रेस पर्यवेक्षकों का द्वितीय चरण का तीन दिवसीय दौरा

शहडोल। कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिएए काँग्रेस ने प्रदेश मे संगठन सृजन कार्यक्रम की शुरुआत की हैएजिसके के तहत ।प्ब्ब् से नियुक्त पर्यवेक्षक विवेक बंसल का द्वितीय चरण का तीन दिवसीय आगमन शहडोल जिले मे हो रहा है। पर्यवेक्षकों का दौरा कार्यक्रम इस प्रकार है 19 जून 2025.दोपहर 2 बजे से केशवाही उपब्लॉक की बैठक स्थान . केशवाही 20 जून 2025.दोपहर 2 बजे से बुड़वा उपब्लॉक की बैठक एवं वॉर्ड नम्बर 8 में जनसम्पर्क स्थान. बाणसागर, 21 जून 2025.प्रातः 11 बजे से कांग्रेस जनों से सामान्य मुलाकात इस अवसर पर काँग्रेस जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने समस्त काँग्रेस संगठनों व समस्त काँग्रेसजन से उक्त कार्यक्रम मे उपस्थित होने की अपील की है। उक्त जानकारी जिला काँग्रेस कमेटी शहडोल के मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला ने प्रदान की।



### जिला चिकित्सालय में सिकल सेल एनीमिया की जांच हेतु लगाया जाएगा शिविर

शहडोल। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने जानकारी दी है कि विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर 19 जून को प्रातः 11.30 बजे से 2 बजे तक जिला चिकित्सालय परिसर में सिकल सेल एनीमिया की निःशुल्क जांच हेतु शिविर एवं रक्तदान शिविर भी लगाया जाएगा।

### सिकल सेल एनीमिया के प्रति रहे जागरूक, कराए निशुल्क जांच

शहडोल। विश्व सिकल सेल एनीमिया दिवस 19 जून को प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है। इस का उददेश्य सिकल सेल एनीमिया के प्रति लोगो में जागरूकता लाना। यह बीमीरी एक अनुवांशिकी बीमारी है पीढी दर पीढी होती जाती है। सिकल सेल के उन्मूलन के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा निरंतर कार्य और शोध किये जा रहे है। इसे खत्म करने के लिए कॉलेजो, स्वास्थ्य केंद्रो, स्कलों आदि स्थानों में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इस बीमारी में जांच जिला अस्पतालों में निःशुल्क की जाती है और यदि किसी व्यक्ति को सिकल सेल होता है तो उस स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरंतर फालोअप किया जाता है और डॉक्टरों द्वारा सिकल सेल को खत्म करने हेतु विशेष सलाह एवं दवाईयां दी जाती है। हमें सिकल सेल के प्रति स्वय जागरूक होना होगा और दूसरों को भी सिकल सेल के प्रति जागरूक करना होगा। सिकल सेल एनीमिया के लक्षण- थकावट एवं सांस फूलना, खून की कमी होना, मौसम बदलने पर बीमार होना, बार-बार बुखार, सर्दी-खांसी ,हाथ पैर जोड़ो में सूजन और तिल्ली का बढना जैसे अन्य लक्षण शामिल है। सिकल सेल एनीमिया से बचाव- वैवाहिक परामर्श, विवाह से पहले अगर दोनों व्यक्ति सिकल सेल ट्रेट (वाहक) हैं, तो उन्हें संतान में बीमारी होने का खतरा ज्यादा होता है, रक्त परीक्षण से यह पता लगाया जा सकता है, नवजात की स्क्रीनिंग, जन्म के तुरंत बाद बच्चों की जांच से बीमारी की जल्दी पहचान और इलाज संभव है, नियमित टीकाकरण और देखभाल,संक्रमण से बचने के लिए विशेष टीके जैसे कि निमोनिया और मेनिंजाइटिस के खिलाफ टीकाकरण। स्वस्थ जीवनशैली अपनाना, पानी अधिक पीना, संतुलित आहार, तनाव से बचाव, बहुत अधिक थकान और अत्यधिक तापमान से बचना, फोलिक एसिड और अन्य सप्लीमेंट्स, नई रक्त कोशिकाओं के निर्माण के लिए फोलिक एसिड उपयोगी होता है। संक्रमण से बचाव, साफ-सफाई, समय पर इलाज, और आवश्यकतानुसार एंटीबायोटिक आदि शामिल है।

### निरंकारी संत द्वारा आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन किया गया



शहडोल। मंगलवार की शाम ला कालेज सभागर में एक विशेष आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन संत निरंकारी मिशन के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मिशन के सीधी जोन के इंचार्ज रमेश कुमार अग्रवानी ने की।उन्होंने अपने विचार रखते हुए कहा कि परमात्मा को जानकर उसकी भक्ति करने में ही आनंद है। संत महात्माओं ने अपने कर्म के द्वारा ही भक्ति को प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि ऐसा गुरू खोजो जो आपको इस रमे राम से मिला दे। इस एक परमात्मा को जानकर इसकी भक्ति करो। जब तक ब्रह्म की प्राप्ति नहीं होती है तब तक भ्रम की समाप्ति नहीं होती है। उन्होंने कहा कि जिसे हम जानते हैं उसी से प्रेम होता है। इसी तरह भक्ति परवान तभी होती है, जब हम प्रभु परमात्मा को जान लेते हैं। ज्ञान प्राप्त करने के बाद यह समझ में आ जाता है कि परमात्मा हमारे अंग संग है। यह हमसे दूर नहीं है। गुरू ने ही इसकी पहचान कराई है। सत्संग का संचालन सेवादल इंचार्ज सुशील छावड़ा ने किया ।

---

**सैकड़ों-हजारों की भीड़, लेकिन नहीं है अग्नि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम , नगर में बढ़ती लापरवाही बन रही खतरे की घंटी**

# कार्यालयों में फायर सेफ्टी के प्रति लापरवाही, एक बड़ी चूक

**विजय मत, शहडोल**




शहर में फायर सेफ्टी को लेकर घोर लापरवाही सामने आ रही है। चिंता की बात यह है कि जिन शासकीय कार्यालयों से अग्नि सुरक्षा के लिए आदेश और निर्देश जारी किए जाते हैं, वहीं कार्यालय खुद इस सुरक्षा व्यवस्था से वंचित हैं। नगर के अधिकांश शासकीय भवनों में न तो फायर सेफ्टी उपकरण लगे हैं और न ही उनके पास फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट उपलब्ध है। इनमें कलेक्ट्रेट, कमिश्नर कार्यालय, जिला चिकित्सालय, शैक्षणिक संस्थान, विश्वविद्यालय और अन्य सरकारी दफ्तर शामिल हैं।

### शैक्षणिक संस्थानों में भी सुरक्षा के नहीं हैं इंतजाम

बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति वाले शासकीय शैक्षणिक संस्थान जैसे इंजीनियरिंग कॉलेज, शासकीय इंदिरा गांधी गृह विज्ञान कन्या महाविद्यालय, और पं. एसएन शुक्ल विश्वविद्यालय के पास भी फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट नहीं है। इन संस्थानों में हजारों विद्यार्थी रोजाना मौजूद रहते हैं, लेकिन आग लगने जैसी आपदा से निपटने की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है।

### फायर सेफ्टी नियमों में हुए बदलाव, फिर भी पालन नहीं

फायर सेफ्टी के नियमों के अनुसार, पहले जहां 500 स्क्वेयर मीटर से अधिक क्षेत्रफल वाली इमारतों के लिए एनओसी अनिवार्य थी, अब 50 से अधिक लोगों की भीड़ जमा होने वाली जगहों पर भी फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट जरूरी हो गया है। इसके तहत पहले प्रोविजनल एनओसी ली जाती है, फिर आवश्यक सुरक्षा उपकरण लगाने के बाद टेम्परेरी सर्टिफिकेट के लिए आवेदन करना होता है, जो 3 वर्षों के लिए वैध होता है। लेकिन नगर में अधिकांश संस्थान इस प्रक्रिया का पालन नहीं कर रहे।

### कलेक्ट्रेट परिसर में भी नहीं है समुचित व्यवस्था

जयस्तंभ चौक स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में अनेक विभाग संचालित हो रहे हैं, जहां प्रतिदिन सैकड़ों लोग आते हैं। इसके बावजूद यहां फायर सेफ्टी को लेकर कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। न फायर अलार्म है, न ही इमरजेंसी एक्जिट, और न ही फायर एक्सटिंग्विशर की पर्याप्त व्यवस्था। नियमों के अनुसार, यह सीधी अवहेलना है।

### जिला चिकित्सालय भी लापरवाह

संभाग का सबसे बड़ा जिला चिकित्सालय वर्ष 2021 में प्रोविजनल एनओसी लेने के बाद भी टेम्परेरी सर्टिफिकेट के लिए आवेदन नहीं कर सका। यहां बच्चों, मरीजों और कर्मचारियों की बड़ी संख्या रोजाना रहती है, लेकिन अग्नि सुरक्षा के मापदंडों का पालन नहीं किया गया। यह गंभीर लापरवाही किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है।


### शासकीय और निजी संस्थानों की उदासीनता

फायर सेफ्टी को लेकर नगर के शासकीय और निजी संस्थानों की उदासीनता बेहद खतरनाक है। यह केवल नियमों का उल्लंघन नहीं बल्कि आम जनता और कर्मचारियों की जान को खतरे में डालने जैसा है। प्रशासन को तत्काल इस दिशा में कठोर कदम उठाने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में किसी दुर्घटना की आशंका को रोका जा सके।

---

# पेट दर्द से परेशान होकर 15 वर्षीय गांव की किशोरी ने की आत्महत्या

**विजय मत, शहडोल**



जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र के लखनपुर गांव में 15 वर्षीय किशोरी ने पेट के दर्द से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। इस दर्दनाक घटना ने पूरे गांव में शोक की लहर पैदा कर दी है, जब किशोरी ने अपने कमरे में फांसी लगाकर जीवन समाप्त करने का कठोर फैसला किया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच प्रारंभ कर दी है।

पुलिस के अनुसार, पार्वती विश्वकर्मा अपने परिवार के साथ एक विवाह समारोह में शामिल होने गई थी, अचानक पेट दर्द से परेशान होकर वह घर लौट आई। पार्वती के पिता रामसहाय ने बताया कि मेरी बेटी को पिछले कुछ दिनों से पेट में दर्द की समस्या थी और हम उसका इलाज करवा रहे थे, लेकिन उसे कोई राहत नहीं मिल रही थी।

परिवार के लोग विवाह समारोह से लौटने के बाद रात में सो गए, लेकिन सुबह जब पार्वती अपने कमरे से बाहर नहीं निकली, तो पिता ने उससे चाय बनाने के लिए आवाज लगाई। जब उसे कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो रामसहाय ने बेटी के कमरे का दरवाजा खटखटाया। इसके बाद, जब कोई आवाज नहीं आई, तो उन्होंने रोशनदान से झांककर देखा और पाया कि पार्वती फांसी के फंदे में झूल रही थी।आस-पास के लोग जब चीख-पुकार सुनकर आए, तो उन्होंने मामले की जानकारी पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

जयसिंहनगर पुलिस ने कहा हमने पार्वती के पिता का बयान दर्ज किया है। उन्हें आशंका है कि उसकी बेटी मानसिक तनाव में थी, जो उसके लंबे समय से चल रहे पेट दर्द के कारण उत्पन्न हुआ होगा। पिता रामसहाय ने यह भी बताया कि वे अपनी बेटी के इलाज के लिए स्थानीय चिकित्सक के पास गए थे, लेकिन कोई सुधार नहीं हो रहा था। हमने हर संभव प्रयास किया।

---

# जामुन के मौसम में दिखी मिठास की चहल-पहल

**बच्चे-बूढ़े सभी झूमे स्वाद और सेहत के इस अनमोल फल पर**

**विजय मत, शहडोल**



नगर में इन दिनों शहडोल नगर के बाजारों और मोहल्लों में मीठी-मीठी जामुन की बहार छाई हुई है। मौसमी फल होने के कारण इसे खरीदने और खाने वालों की भारी भीड़ देखी जा रही है। खासकर बच्चे इस समय जामुन के पेड़ों के आसपास अधिक संख्या में दिखाई दे रहे हैं। जैसे ही तेज हवा चलती है, पेड़ों से पकी हुई जामुन जमीन पर गिरती हैं और बच्चे उन्हें लपकने में जुट जाते हैं।

जामुन का स्वाद जहां लोगों को आकर्षित कर रहा है, वहीं इसके स्वास्थ्य लाभ भी इसे और खास बना रहे हैं। चिकित्सकों की मानें तो जामुन में भरपूर मात्रा में आयरन होता है जो शरीर में हीमोग्लोबिन बढ़ाने में सहायक है। साथ ही इसमें मौजूद एंटीबायोटिक गुण मुंह के संक्रमण को दूर करने, पाचन शक्ति बढ़ाने और डायबिटीज के खतरे को कम करने में भी उपयोगी माने जाते हैं।नगर के प्रमुख बाजारों में जामुन की बिक्री जोर-शोर से हो रही है। फलों के ठेले पर भी जामुन की मांग अधिक बनी हुई है। दुकानदारों के अनुसार, हर रोज बड़ी मात्रा में लोग जामुन खरीदने आ रहे हैं, खासकर सुबह और शाम के समय भीड़ बढ़ जाती है।

स्थानीय नागरिक रामप्रकाश साहू बताते हैं, ÷बचपन से जामुन खाना बहुत पसंद है। जैसे ही हवा तेज चलती है, हम अपने दोस्तों के साथ पेड़ों के नीचे दौड़ जाते हैं और वहां से गिरी पकी जामुन इकठ्ठा कर लाते हैं। घर लाकर पूरा परिवार साथ बैठकर उसे खाता है। यह परंपरा सालों से चली आ रही है। शहडोल नगर के बगीचों और मोहल्लों में स्थित जामुन के पेड़ों के नीचे इन दिनों सुबह-शाम बच्चों की टोली देखी जा सकती है, जो इस मौसमी फल की मिठास का भरपूर आनंद ले रहे हैं।

---

# सिकल सेल दिवस पर आज आयोजित होंगे सिकल सेल परीक्षण शिविर

**विजयमत,शहडोल।**




कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने सिकल सेल दिवस 19 जून 2025 को जिले में जिला मुख्यालय सहित 32 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो एवं 7 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सिकल सेल परीक्षण शिविर आयोजित करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा आयुष विभाग के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने कहा कि इन शिविरों के आयोजन का उददेश्य आम जन को सिकल सेल के लक्षण, कारण एवं बचावं के लिए जागरूक करना है। इसके साथ ही शिविरों में आने वाले लोगो का सिकल सेल परीक्षण किया जाकर उन्हें उपचार उपलब्ध कराना है। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा सिकल सेल से संबंधित प्रचार सामग्री तैयार कराकर शिविर में आने वाले लोगो को वितरित की जाए। बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरेंद्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर भागीरथी लहरे, श्रीमती अन्तोनिआ एक्का, श्रीमती ज्योति परस्ते, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास अखिलेश मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

---

# अवैध रेत परिवहन पर बड़ी कार्रवाई, वन विभाग व पुलिस ने तीन वाहन किए जब्त

**विजयमत,शहडोल।**



जिले में अवैध रेत खनन और परिवहन के खिलाफ चलाए गए संयुक्त अभियान में वन विभाग और पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान तीन वाहन जब्त किए गए। यह कार्रवाई वन संरक्षक अजय कुमार पाण्डेय और दक्षिण शहडोल की वन अधिकारी श्रद्धा पन्द्रे के नेतृत्व में की गई।

वन विभाग की पहली कार्रवाई गोहपारू वन परिक्षेत्र में की गई, जहां एक ट्रैक्टर अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रहा था। वन अमले को देखकर चालक मौके से फरार होने की कोशिश करने लगा, लेकिन उसे पकड़ लिया गया। ट्रैक्टर पर नंबर प्लेट नहीं थी और उसमें अवैध रूप से रेत भरी हुई थी। वाहन को जब्त कर गोहपारू वन परिक्षेत्र कार्यालय परिसर में खड़ा किया गया है।

दूसरी कार्रवाई में वन विभाग को शहडोल क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन की सूचना मिली थी। बाणगंगा पेट्रोल पंप के पास एक वाहन को रोका गया। चालक ने रॉयल्टी पर्ची तो दिखाई, लेकिन जांच में वाहन का चेसिस नंबर अलग पाया गया। विभाग ने वाहन को जब्त कर नरसरहा डिपो में रखवा दिया है।

तीसरी कार्रवाई जैतपुर थाना पुलिस ने की। पुलिस को कुनुक नदी से अवैध रेत उत्खनन की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस को देख ट्रैक्टर चालक भाग गया। पुलिस ने रेत से भरे ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है और वाहन मालिक व चालक की तलाश जारी है। वन विभाग और पुलिस की यह संयुक्त कार्रवाई क्षेत्र में अवैध रेत कारोबार पर सख्त संदेश देने वाली मानी जा रही है। विभागीय अधिकारी लगातार गश्त और निगरानी बढ़ा रहे हैं ताकि प्राकृतिक संसाधनों की अवैध दोहन पर अंकुश लगाया जा सके।

---

**मानसून**

**रिमझिम फुहारों ने घटाया तापमान, मानसून का बेसब्री से इंतजार**

# प्री-मानसून की दस्तक से मौसम में राहत, किसानों में खुशी की लहर

**विजयमत,शहडोल।**



बुधवार को शहडोल जिले में प्री-मानसून की दूसरी बारिश हुई। रुक-रुक कर बारिश ने जहां लोगों को गर्मी से राहत दी, वहीं वातावरण में ठंडक भी घुल गई। बारिश के कारण अधिकतम तापमान गिरकर लगभग 32 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। हालांकि बारिश रुकते ही उमस ने एक बार फिर लोगों को परेशान किया

### बादलों की चादर और रिमझिम बारिश का दौर

बुधवार की सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे। दोपहर से लेकर शाम तक कुछ क्षेत्रों में तेज बारिश और कुछ इलाकों में रिमझिम फुहारों का सिलसिला जारी रहा। गोहपारू, जयसिंहनगर और ब्यौहारी क्षेत्रों में अच्छी बारिश दर्ज की गई। इस बदले मौसम का असर पूरे जिले में महसूस किया गया।

### कृषि वैज्ञानिकों की राय, अच्छी बारिश के संकेत

कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि यह बारिश प्री-मानसून की है और मुख्य मानसून 3 से 4 दिनों में जिले में सक्रिय हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष पिछले साल की तुलना में अधिक बारिश की संभावना है, जिससे खरीफ फसलों के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ बनेंगी।

### खेतों की ओर लौटे किसान, शुरू हुई तैयारियां

प्री-मानसून की वर्षा के बाद किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। किसान दिनेश प्रसाद शर्मा एवं गयादीन यादव ने बताया कि खेतों में नमी आने के बाद अब जुताई और बुवाई की तैयारी शुरू हो चुकी है। जिन क्षेत्रों में तेज बारिश हुई है, वहां किसान रोपा की नर्सरी और अन्य खेती की गतिविधियों में जुट गए हैं। वहीं, जिन स्थानों पर केवल रिमझिम बारिश हुई है, वहां किसानों को मुख्य मानसून का इंतजार है।

### बच्चों ने उठाया बारिश का आनंद

बारिश के दौरान बच्चे घरों से निकलकर रिमझिम फुहारों में खेलते नजर आए। लोगों का कहना है कि तापमान में गिरावट जरूर आई है, लेकिन जब तक जोरदार बारिश नहीं होती, तब तक उमस और गर्मी से पूरी राहत नहीं मिलेगी।

### मानसून की सक्रियता का इंतजार

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, 20 से 21 जून तक शहडोल जिले में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो जाएगा। इसके बाद न केवल मौसम सुहावना होगा, बल्कि खेती-किसानी का कार्य भी पूरे जोर पर शुरू हो जाएगा।

## न्यूज इन शॉर्ट



### ग्राम पंचायत दुब्बार मे की गई आयुष्मान कार्ड की समीक्षा

उमरिया। आयुष्मान जिला नोडल अधिकारी डा एसबी चौधरी ने ग्राम पंचायत दुब्बार में महेश महोबिया जी आर एस से चर्चा कर आयुष्मान हितग्राहियो की जानकारी ली गई , जिससे बताया गया कि ग्राम पंचायत मे कुल 2332 हितग्राहियो मे से 1427 हितग्राहियो के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं, शेष बचे 907 हितग्राहियो मे से कुछ मृत हो गये है, कुछ स्थायी रूप से बाहर चले गये है, कुछ का लड़कियों का विवाह हो गया हैं। उन्होंने 1 दिवस मे अपडेटेड सूची आशा कार्यकर्ता को उपलब्ध कराने तथा उनके सहयोग से शेष पात्र आयुष्मान हितग्राहियो के कार्ड बनवाने की बात कही ।

### एक पेड़ मां के नाम के तहत किया गया पौधरोपण



उमरिया । पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय उमरिया में सहायक उप निरीक्षक इंडक्शन कोर्स 2025 के समापन में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण), राजा बाबू सिंह पुलिस मुख्यालय भोपाल के नवाचार की पहल एवं कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार उक्त प्रशिक्षण के प्रशिक्षुओं सहायक उप निरीक्षको द्वारा एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। जिसमें प्रशिक्षुओं द्वारा वृक्षारोपण किया गया । कार्यक्रम में संस्था प्रमुख मुकेश वैश्य पुलिस अधीक्षक पीटीएस उमरिया, उप पुलिस अधीक्षक (प्रशासन) श्रीमती लवली सोनी, उप पुलिस अधीक्षक (प्रशिक्षण) हिमांशु चौबे पीटीएस उमरिया एवं संस्था के अधिकारी/कर्मचारियो व प्रशिक्षण में आए शहडोल, बालाघाट एवं जबलपुर जोन से जिला शहडोल, अनूपपुर, उमरिया, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी, जबलपुर एवं कटनी के नामांकित 46 सहायक उप निरीक्षको ने भाग लिया।

### सर्पदंश से मृत्यु होने पर चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत

उमरिया । अनुविभागीय अधिकारी बांधवगढ राजस्व ने चाहत बैगा उम्र 5 वर्ष निवासी ग्राम दुलहरी तहसील बांधवगढ़ की मौत सर्प दंश से होने पर उसके निकटतम वैध वारिस लखन कुमार बैगा को चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है ।

### हावेस्टर एवं ट्रक में भिडत दो गंभीर रूप से घायल



उमरिया। जिला मुख्यालय सेषहडोल की तरफजाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 43 मे मंगठार पावर प्लांट की तरफजा रहे कैप्सूल वाहन से हार्वेस्टर टकरा गया। घटना मे हार्वेस्टर मषीन पूरी तरह से चकनाचूर हो गई है। घटना के बाद बांधवढ एसडीएम , डिप्टी कलेक्टर तथा कोतवाली टीआई ने मौके पर पहुंचकर 108 के माध्यम से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हार्वेस्टर और ट्रक की भिड़ंत में हार्वेस्टर चालक कृपाल सिंह और सह चालक बलविंदर सिंह घायल बताये जा रहे है।घटना के बाद घायल चालको को 108 की मदद से जिला अस्पताल लाया गया ,जहाँ फिलहाल दोनों चालक इलाजरत है । सूत्रों की माने तो दोपहर करीब 5 बजे मुख्यालय स्थित हुए मारुति एजेंसी के समीप हुए इस हादसे में दोनों वाहन एक ही ओर आ रहे थे,परन्तु अचानक सड़क पर मवेशी आने से हादसा कारित हुआ है।

### हादसे के हप्ते भर बाद अर्टिका की हुई पहचान

उमरिया। कोतवाली थाना अंतर्गत खलेसर निवासी गुलाम मोहम्मद (पिता . स्व.शेख रज़्ज़ाक),उम्र लगभग 65 वर्ष, की कौड़िया में हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई थी,इस घटना में चार पहिया वाहन घटना कारित कर मौके से भाग गया था। खबर है कि इस घटना में अर्टिका वाहन शामिल रही है जिसकी पहचान हो गई है।यह घटना 10 जून की बताई जाती है, जब मृतक गुलाम मोहम्मद अपनी दोपहिया वाहन से खलेसर से कौड़िया की ओर जा रहे थे। रास्ते में गडारी मोहल्ले के समीप एक तेज़ रतार व अनियंत्रित अर्टिका वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी थी। टक्कर के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।परिजनों के अनुसार, हादसे के बाद घटनास्थल के पास एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में उक्त अर्टिका वाहन कैद हुआ था, जिसके आधार पर पुलिस ने वाहन की पहचान की। खास बात यह है कि घटना के बाद वाहन की मरम्मत भी कराई गई, जिससे यह पहचानना कठिन हो गया कि यह वही वाहन है जिससे हादसा हुआ था।खबर है कि जल्द चंदिया पुलिस उक्त अर्टिका वाहन को जप्त कर सकती है।परिजन हादसे के बाद से ही गहरे सदमे में हैं। घर में मातम पसरा है और मृतक के बेटे-बेटियों की हालत रो-रोकर खराब है।परिजनों को यह भी दुख है कि हादसे के बाद अगर चालक मृतक की मदद करता तो निश्चित ही गुलाम मोहम्मद की जान बच सकती थी। पुलिस ने आर्टिगा कार क्रमांक एमपी 20 जेडआर 3872 के चालक पर मामला कर लिया है।

---

**बचाव में उतरा जिला प्रशासन सुबह जीवित होने दी जानकारी, कहा-शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई**

# रात में युवक की मौत की फैली अफवाह, नाराज नागरिकों ने शराब दुकान के सामने किया विरोध प्रदर्शन

**विजय मत, अनूपपुर**





18 जून की देर रात कोतमा प्रशासनिक अधिकारियों के होश उस समय उड़ गए, जब मेडिकल कॉलेज जबलपुर में इलाजरत 23 वर्षीय अमन नामदेव की मौत का उफवाह सोशल मीडिया के माध्यम से फैला और मौत से नाराज सैकड़ों नगरवासी बस स्टैंड के पास शराब की दुकान के सामने पहुंचकर विरोध प्रदर्शन आरंभ कर दिया। इस दौरान भीड़ के कुछ लोगों द्वारा शराब दुकान को नुकसान पहुंचाने के भी प्रयास किए गए, लेकिन घटना की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची आधा दर्जन थानों की पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों को समझा बुझा कर माहौल को शांत कराया व घर वापस लौटाया। लेकिन देर रात घंटो तक बरपे हंगामा व विरोध में नगर की विधि व्यवस्था गंभीर हो गई, वहीं लोगों ने मौके पर एसडीएम अजीत तिर्की, एसडीओपी सुमित केरकट्टा व थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ला से मामले में फरार आरोपी की गिरफ्तारी एवं ठेकेदार प्रवीण राय द्वारा हूटर व काली फिल्म लगाकर हथियारों से लैस होकर दहशत पैदा करने को लेकर मामला दर्ज किए जाने, घायल अमन नामदेव की समुचित उपचार की व्यवस्था, अवैध शराब की पैकारी बंद, शराब माफिया, रेत माफिया एवं पशु तस्करों के द्वारा यूपी, बिहार एवं बाहरी जिलों से लाए गए अपराधियों को क्षेत्र से बाहर खदेडने, बाहरी लोगों की मुसाफिर दर्ज करने एवं उनके आपराधिक रिकॉर्ड की भी जानकारी जुटाकर कार्रवाई की मांग कर डाली। हालांकि इस दौरान नगर में किसी प्रकार के अप्रिय घटना नहीं घटी। फिर भी पुलिस व प्रशासन मामले पर नजर बनाए हुए हैं। दरअसल 14 जून की रात शराब माफिया के गुर्गो द्वारा कोतमा के शुक्ला ढाबा के सामने वाहन से शराब दुकान कर्मी और स्थानीय दुकान संचालक के बीच किसी बात को लेकर उपजे विवाद में वहां मौजूद भीड़ को कुचलने के प्रयास किए। जहां ढाबा खाना खाने आ रहे 23 वर्षीय युवक अमन नामदेव वाहन की चपेट में आ गया। युवक वाहन में फंसकर 25 मीटर तक घसीटता चला गया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को कोतमा सीएचसी से शहडोल और फिर जबलपुर रेफर किया गया, जहां पिछले चार दिनों से उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

**बचाव में उतरा जिला प्रशासन, जीवित होने की पुष्टि**

रात में जहां युवक की मौत का उफवाह उड़ी और कानून व्यवस्था बिगडने को लेकर पूरा शहर अलर्ट रहा। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए सुबह घायल के परिजन एवं जिला प्रशासन द्वारा युवक के जीवित होने एवं अस्पताल में भर्ती होने की पुष्टि की गई। साथ ही जिला प्रशासन ने अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। सूत्रों के अनुसार रात के समय ही युवक की मौत से नाराज नगरवासियों ने सुबह विरोध प्रदर्शन के साथ पूरा जिला बंद करने का निर्णय लिया था। सुबह उसकी तैयारी भी हो रही थी, तभी जिला प्रशासन जनसम्पर्क विभाग अनूपपुर द्वारा युवक के जीवित होने की पुष्टि की गई और शांति व्यवस्था बनाने की अपील की गई। जिसके बाद लोग शांत हुए। लेकिन प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर नजर आया। थानों के प्रभारी एवं लाइन से भारी संख्या में पुलिस बल सक्रिय रही। अव्यवस्था से निपटने पूरे दिन नगर के हर प्रमुख चौक चौराहों पर फिक्स पॉइंट लगाए गए थे। वहीं एक दर्जन से ज्यादा गाडियों से पूरे नगर में निगरानी की जा रही थी। लहसुई में भी लगातार पेट्रोलिंग जा रही है।

## किशोरी का अहपरण कर बलात्कार करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, तीसरा फरार

**विजय मत, अनूपपुर**



रामनगर थाना क्षेत्र से रात के समय घर से लापता हुई किशोरी के साथ अपहरण और बलात्कार की घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में तीसरा आरोपी फरार बताया जा रहा है। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। वहीं गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने परिजनों द्वारा दर्ज कराए गए अपहरण की धारा के साथ गैंग रेप व अन्य धाराओं को जोड़ते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां न्यायालय ने आरोपियों को जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी सुमित कौशिक ने बताया कि पुलिस ने परिजनों द्वारा दर्ज कराए गए गुमशुदगी की शिकायत के मात्र 4 घंटे के भीतर किशोरी को दस्तयाब कर लिया। बताया जाता है कि 14 जून की रात लगभग 9.30 बजे किशोरी घर से लापता हो गई थी। परिजनों द्वारा 15 जून की सुबह 8.30 बजे थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने धारा 137(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया। विशेष पुलिस टीम द्वारा लगातार सुराग जुटाकर 15 जून की दोपहर 12 बजे किशोरी को दस्तयाब कर लिया। किशोरी के कथन लिए गए तथा मेडिकल परीक्षण कराया गया। 16 जून को न्यायालय में किशोरी का बयान दर्ज कराया गया। इस आधार पर मामले में धारा 64,65(1),70(2),351(3) बीएनएस व 3/4,5/6 पॉक्सो अधिनियम बढ़ाकर आरोपी साहिल केवट पिता रामचंद केवट एवं लखन केवट पिता मूलचंद केवट दोनों निवासी ग्राम रेउंदा रामनगर को गिरफ़्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। तीसरे आरोपी कामता केवट की तलाश जारी है। पुलिस द्वारा उसके संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग कार्यक्रम

अनूपपुर। 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस(‘थीम-एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग’) 21 जून को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर परिसर में तथा प्राचीन मंदिर समूह परिसर अमरकंटक में सुबह 6 बजे से 7.45 बजे तक सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट हर्षल पंचोली ने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट व्यवस्था, कानून व्यवस्था, आयोजन स्थल पर साउंड, एलईडी/माईक/कुर्सी/अन्य टेंट सामग्री व्यवस्था, स्वल्पाहार व्यवस्था, योग प्रशिक्षक व्यवस्था, स्वास्थ्य व्यवस्था, मीडिया प्रचार प्रसार व्यवस्था, मंच संचालन व्यवस्था, कार्यक्रम में युवाओं, विद्यार्थियों, महिलाओं, गणमान्य नागरिकों की सहभागिता करने, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के उद्बोधन का सीधा प्रसारण, आमंत्रण पत्र मुद्रण व्यवस्था, प्रोटोकॉल व्यवस्था, बुके, फूलमाला की व्यवस्था, पेयजल एवं साफ सफाई व्यवस्था तथा निर्बाध विद्युत व्यवस्था के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है।

## नगरीय क्षेत्रों में अबतक 29 लोगों के नए आधार कार्ड बने तो 264 का हुआ सुधार

**विजय मत, अनूपपुर**



जिले में शिविर लगाकर किया जा रहा है आधार अपडेशन का कार्य

अनूपपुर। कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देश में मंगलवार को जनपद पंचायत अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत पोंड़ी, जनपद पंचायत कोतमा अंतर्गत ग्राम पंचायत विचारपुर, जनपद पंचायत जैतहरी अंतर्गत ग्राम पंचायत ठोड़ीपानी, जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरगा, नगर परिषद अमरकंटक, जैतहरी, बनगवां(राजनगर), नगरपालिका अनूपपुर, बिजुरी के वार्ड नम्बर 15, नगरपालिका कोतमा के वार्ड नम्बर 13, नगरपालिका पसान के वार्ड नम्बर 06, नगर परिषद बरगवां (अमलाई) के वार्ड 13 में आधार कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें 29 नागरिकों के नए आधार कार्ड बनाए गए तथा 264 नागरिकों के आधार कार्डों में आवश्यक सुधार कार्य किए गए हैं। जनपद पंचायत अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रेउंदा, जनपद पंचायत कोतमा अंतर्गत ग्राम पंचायत साझाटोला, जनपद पंचायत जैतहरी अंतर्गत ग्राम पंचायत गौरेला में, जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत बरबसपुर तथा नगर परिषद बनगवॉ (राजनगर) के वार्ड 02, नगर परिषद अमरकंटक के वार्ड नम्बर 02, नगर परिषद डोला के वार्ड 02, नगर परिषद बरगवां (अमलाई) के महात्मा गांधी वार्ड 04, नगरपालिका बिजुरी के वार्ड नम्बर 02, नगरपालिका अनूपपुर के वार्ड 02 में, नगरपालिका कोतमा के वार्ड नम्बर 14, नगरपालिका पसान के वार्ड नम्बर 07, नगर परिषद डूमरकछार के वार्ड 15 में आधार कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

## जंगल में मिली महिला की पांच दिन पुरानी लाश

**विजय मत, शहडोल**



जयसिंहनगर थाना क्षेत्र के जंगल में बुजुर्ग महिला की संदिग्ध लाश मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है, जंगल में मवेशी चरा रहे एक शख्स ने लाश देख पुलिस को जानकारी दी है।जिसके बाद थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ घटनास्थल पहुंच पड़ताल कर रहे है।महिला की पहचान अब तक नहीं हो पाई है, लाश लगभग 5 दिन पुरानी बताई गई है।

पुलिस ने बताया कि जयसिंहनगर थाना क्षेत्र के वनचाचर आर एफ 380 के जंगल में बुजुर्ग महिला की लाश मिली है। बुधवार की दोपहर मवेशी चरा रहे शख्स ने इसकी जानकारी पुलिस को दी थी। जानकारी के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची है। थाना प्रभारी ने बताया कि लाश एक बुजुर्ग महिला की है, जिसकी उम्र लगभग 60 से 70 वर्ष के आसपास लग रही है। महिला लाल रंग की साड़ी पहने हुए हैं। लाश पुरानी होने की वजह से काफी दुर्गंध आ रही है। चेहरा भी सही समझ नहीं आ रहा है। महिला की पहचान करवाने में पुलिस लगी हुई है। आसपास के थानों में फोटो भेज कर जानकारी इकट्ठा की जा रही है। पुलिस ने बताया कि आस पड़ोस के जिलों में भी गुम इंसान की जानकारी मंगवाई गई है ।मामला संदिग्ध होने की वजह से शहडोल से एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) की टीम भी मौके के लिए रवाना हुई है।

जयसिंहनगर थाना प्रभारी अजय बैगा ने बताया कि जानकारी लगने के बाद हम मौके पर पहुंचे हैं, एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया है। महिला की पहचान करवाने में हम लगे हुए हैं। मामले में फिलहाल मर्ग कायम किया जाएगा। हम जांच कर रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चीजें स्पष्ट होगी,कि महिला की मौत किन कारणों से हुई है।

## जमुड़ी घाट में रेत चोरी नहीं थम रही

**विजय मत, अनूपपुर**




रामनगर थाना अंतर्गत आने वाले केवई नदी के जमुड़ी घाट में अवैध रेत खनन लगातार जारी है। क्षेत्र में कई बार समाचार प्रकाशन के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी अब तक निष्क्रिय नजर आ रहे हैं। स्थानीय जनचर्चा का विषय बना हुआ है कि प्रशासनिक कानों तक जैसे कोई आवाज पहुँच ही नहीं रही हो। सूत्रों के अनुसार, इस अवैध रेत खनन में मुख्य भूमिका निभा रहा है हीरामणि नामक व्यक्ति, जो रात भर रेत चोरी करने में लिप्त रहता है। जनमानस का आरोप है कि हीरामणि की दबंगई का मुख्य कारण उसकी साली का जिला पंचायत सदस्य होना है। सत्ता के इस समीकरण ने ÷जीजा-साली की जुगाड़ जोड़ी÷ को क्षेत्र में बेलगाम बना दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के अंधेरे में ट्रैक्टरों से रेता निकाला जाता है और उसे खुलेआम आसपास के गांव में बेचा जाता है, जिससे शासन को राजस्व की भारी हानि हो रही है। वहीं, क्षेत्रीय अधिकारी इस पूरे मामले पर चुप्पी साधे बैठे हैं।

अब यह देखना होगा कि जिम्मेदार प्रशासन कब तक आंखें मूंदे रहता है या फिर कोई ठोस कार्रवाई कर इस रेत माफिया पर लगाम लगाने की पहल करता है।

**सिकल सेल दिवस** — राष्ट्र सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन 2047 हेतु जिले में विश्व सिकल सेल दिवस के रूप में मनाया जाता है

# विश्व सिकल सेल दिवस आज मनाया जाएगा

**विजय मत, उमरिया**



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ व्ही एस चंदेल ने बताया कि विश्व सिकल सेल दिवस 19 जून को आयोजित किया गया है । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि राष्ट्र सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन 2047 हेतु जिले में विश्व सिकल सेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर पूर्व से स्क्रीनिंग जांच के आधार पर परामर्श एवं नवीन हितग्राहियों की स्क्रीनिंग समस्त स्वास्थ्य केंद्र में शिविर का आयोजन किया जाएगा । जनजाति कार्य मंत्रालय के द्वारा दिए गए निर्देश अनुसार 15 जून से 30 जून 2025 तक जिले में मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से चिन्हित गांव में धरती आभा अभियान अंतर्गत 40 वर्ष तक के आयु वर्ग के हितग्राहियों की सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग जांच किट से की जाएगी एवं स्क्रीनिंग का डाटा नेशनल सिकल सेल पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा ।

नोडल अधिकारी डॉ मुकुल तिवारी द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन के तहत सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग कर मध्य प्रदेश में उमरिया प्रथम स्थान प्राप्त किया है जिले में अब तक 2 लाख 17000 स्क्रीनिंग की जा चुकी है उन्होंने आगे बताया कि जिले में अब तक 436 सिकल सेल से ग्रसित मरीज पाए गए हैं एवं 2706 वहक के रूप में पाए गए हैं जिनका समय-समय पर उपचार एवं परामर्श सेवाएं प्रदान की जा रही है । उन्होंने बताया कि सिकल सेल डिसेबिलिटी कार्ड 396 अब तक वितरण किया जा चुके हैं एवं एक 195 000 कार्डो का वितरण किया जा चुका है नोडल अधिकारी डॉ मुकुल तिवारी द्वारा आमजन से यह अपील की गई है कि सिकल सेल एनीमिया रोग को उन्मूलन करने हेतु समाज को आगे आना होगा एवं जागरूक होना होगा जिसमें उन्होंने बताया की शादी से पहले लड़का एवं लड़की की सिकल सेल एनीमिया की जांच करना आवश्यक है जिससे कि आगामी पीढ़ी को वंशानुगत बीमारी से बचाए जा सके।

न्होंने बताया कि स्वास्थ्य संस्थानों में प्रसव के उपरांत 72 घंटे के अंदर नवजात की जांच भी किया जा रहा है एवं निमोकॉक्ल वैक्सीन का उपयोग भी किया जा रहा है प्रथम जानकारी पर पहले टीका एवं दो माह उपरांत दूसरा टीका लगाया जा रहा है साथ ही साथ परिवार एवं सदस्यों को परामर्श सेवाएं भी प्रदान की जा रही है जिससे कि परिवार उचित निर्णय लेकर में बच्चों की जांच कर अच्छी जिंदगी मिल सके।

## धोनी की मौजूदगी से सीएसके में नहीं उभर रहा नया नेतृत्व: बांगर



**मुम्बई।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय बांगर ने आरोप लगाया है कि कि महेन्द्र सिंह धोनी के कारण चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में कोई नया नेतृत्व नहीं उभर रहा है। बांगर के अनुसार धोनी के साये में पहले रविंद्र जडेजा धोनी और उसके बाद रुतुराज गायकवाड़ कप्तान के तौर पर विकसित नहीं हो पाए। बांगर ने कहा है कि धोनी की मौजूदगी से अन्य खिलाड़ियों में स्वाभाविक नेतृत्व क्षमता विकसित इसलिए नहीं हो पा रही है क्योंकि अन्य खिलाड़ी धोनी की नकल करने लगते हैं। उन्होंने कहा कि रुतुराज और जडेजा धोनी के साए में हुए अपनी सोच विकसित नहीं कर पाये। ये दोनो ही धोनी की मानसिकता की नकल करते करने के कारण आगे नहीं बढ़ पा रहे। बांगर की ये बात काफी हद तक सही भी नजर आत है जब भी सीएसके प्रबंधन ने अपनी टीम में नए नेतृत्वकर्ता को आगे किया है वह धोनी के भरोसे काम करने लगता है। इसी कारण सीएसके पिछले दो सत्र से असफल हो रही है। सीएसके पहले कभी नौवें स्थान से नीचे नहीं रही, लेकिन आईपीएल 2025 में वह सबसे नीचे रही।


## मैकग्रा जैसे गेंदबाज हैं बुमराह: ब्रॉड



**मुंबई।** इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ग्लेन मैकग्रा की तरह हैं। ब्रॉड के अनुसार जिस प्रकार मैकग्रा अपनी गेंदबाजी से बल्लेबाजों को हैरान कर देते थे, वही खूबी बुमराह की गेंदबाजी में भी नजर आती है, उनकी गेंदबाजी की गति वास्तविकता से अधिक नजर आती है। बुमराह की गेंदबाजी में भी वहीं संतुलन नजर आता है जो मैकग्रा में था। ऐसे में सभी की नजरें इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरु हो रही टेस्ट सीरीज में बुमराह पर रहेगी। ब्रॉड ने कहा, 'बुमराह जब गेंद करने के लिए दौड़ते हैं तो बल्लेबाज सोचते हैं कि यह 70 मील प्रति घंटे की रफ्तार होगी हालांकि वह आपको 90 मील प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद करते हैं जिससे वह सही अनुमान नहीं लगा पाते हैं। उन्होंने जोस बटलर के साथ बातचीत में कहा, 'बुमराह का रन अप भी मैकग्रा की तरह ही बेहद संतुलित है और वह इसे बरकारार रखे हैं। ब्रॉड ने कहा कि अगर बुमराह लीड्स में शुरू होने वाली सीरीज के सभी पांच मैचों में खेलते हैं तो उनको काफी विकेट मिल जाएंगे। उन्होंने कहा, 'निश्चित रूप से उन पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। वहीं इंग्लैंड टीम कभी नहीं चाहेगी कि वह सभी पांच टेस्ट मैच में खेले। बटलर ने कहा कि इंग्लैंड दौरे पर आई भारतीय टीम में बुमराह से बड़ा कोई सितारा नहीं है। उनका रन-अप और एक्शन सबसे अलग है। इसलिए उनकी तुलना किया और किसी और गेंदबाज से नहीं की जा सकती।

# बुमराह बोले- मैंने कप्तान बनने से इंकार कर दिया था

**लंदन, एजेंसी**



भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट से संन्यास के बाद मुझे कप्तान बनने का प्रस्ताव दिया गया था पर मैंने इंकार कर दिया था। उसी के बाद इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट दौरे के लिए शुभमन गिल को कप्तान बनाया गया है। बुमराह ने कहा कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) उन्हें कप्तान बनाना चाहता था पर वह तैयार नहीं थे। पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक के साथ बातचीत में बुमराह ने कहा कि वह बार-बार चोटिल होने के कारण सभी पांच टेस्ट नहीं खेल सकते। उन्होंने इस दौड़ से बाहर होने का फैसला किया ताकि टीम को किसी प्रकार का नुकसान न हो। बुमराह ने कार्तिक को बताया, इसमें कोई कहानी या विवाद जैसी बात नहीं है। आईपीएल के दौरान रोहित और विराट के रिटायर होने से पहले मैंने बीसीसीआई से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में अपने कार्यभार के बारे में बात की थी।

# शास्त्री बोले- राहुल करें पारी की शुरुआत, साई सुदर्शन को तीसरे नंबर पर उतारा जाये

**लीड्स, एजेंसी**



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा है कि 20 जून से मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ शुरु हो रहे पहले क्रिकेट टेस्ट मैच से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू कर रहे युवा साई सुदर्शन को तीसरे नंबर पर उतारना चाहिए। वहीं बल्लेबाजकरुण नायर को पांचवें नंबर पर भेजना चाहिये। शास्त्री ने कहा, 'पिछली बार इंग्लैंड दौरे में शतक लगाने वाले के एल राहुल को पारी शुरु करने भेजा जाये।'

शास्त्री ने कहा, 'तीसरे नंबर पर मैं युवा खिलाड़ी सुदर्शन को इसलिए चाहता हूं क्योंकि उनकी तकनीक अच्छी है और इस नंबर पर उतरने से उनको अभ्यास का अच्छा अवसर मिलेगा।' सुदर्शन पिछले काफी समय से अच्छे फॉर्म में हैं। वह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अच्छे प्रदर्शन के बाद एक ही आईपीएल सत्र में 700 रन बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा कि नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को चौथे नंबर पर उतारा जाये। शुभमन ने अपने शुरुआती 32 टेस्ट मैच में नंबर तीन पर खेला है। शास्त्री के अनुसार सात साल के लंबे समय के बाद टेस्ट टीम में वापसी करने वाले करुण नंबर पांचवें नंबर पर प्रभावी साबित होंगे।

प्रथम श्रेणी क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के अलावा उनके पास काउंटी क्रिकेट खेलने का अनुभव भी है जिसका उन्हें लाभ मिलेगा। शास्त्री ने कहा, 'वर्तमान फॉर्म के आधार पर इस नंबर पर करुण ही सबसे बेहतर विकल्प नजर आते हैं। वहीं छठे नंबर पर ऋषभ पंत उतरेंगे।'

गेंदबाजी की बात करें तो शास्त्री ने कहा कि लीड्स की वह तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतरना पसंद करेंगे। उन्होंने कहा, 'गेंदबाज ऑलराउंर के लिए शार्दुल और नीतीश रेड्डी के बीच मुकाबला मुश्किल होगा, इसमें देखना होगा कि कौन कितना गेंदबाजी कर सकता है।

# शुभमन के लिए इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज आसान नहीं होगी : कार्तिक

**नई दिल्ली, एजेंसी**



पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक का मानना है किभारतीय क्रिकेट टीम के युवा कप्तान शुभमन गिल के लिए इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज आसान नहीं रहेगी। कार्तिक के अनुसार उनका विदेशी धरती पर बल्लेबाजी औसत अच्छा नहीं रहा है। वहीं इंग्लैंड की पिचों पर बल्लेबाजी करना काफी कठिन होता है। शुभमन को कप्तानी सौंपी गई है और इस कारण भी उनपर दबाव रहेगा। भारतीय टीम भारत ने आखिरी बार 2007 में यहां टेस्ट सीरीज जीती थी। वहीं इस बार टीम के पास रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे अनुभवी बल्लेबाज नहीं हैं। दूसरी ओर कोच कोच ब्रेंडन मैकुलम के आने से इंग्लैंड की टीम काफी आक्रामक क्रिकेट खेलती है। साल 2022 में मैकुलम के कोच बनने के बाद से ही टीम अपनी धरती पर कोई टेस्ट सीरीज नहीं हारी है।

ऐसे में कार्तिक का मानना है कि प्रमुख गेंदबाजों के चोटिल होने के कारण इंग्लैंड का कमजोर गेंदबाजी आक्रमण ही भारतीय टीम के लिए राहत की बात है। ऐसे में अगर टीम को मेजबानों पर दबाव बनाना है तो उनके गेंदबाजों को निशाना बनाना होगा। इंग्लैंड के बल्लेबाज आक्रामक रवैया अपनाकर मैच पर पकड़ बनाने का प्रयास करेंगे। ऐसे में गेंदबाजी को निशाना बनाकर भारतीय टीम दबाव बना सकती है।

शुभमन का औसत इससे पहले इंग्लैंड में अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने 14.66 की औसत से 88 रन बनाए। ऐसे में कार्तिक चाहते हैं कि गिल अपनी बल्लेबाजी पर भी ध्यान दें। कार्तिक का मानना है कि यह मैदान भारत के सबसे युवा टेस्ट कप्तान के लिए रन बनाने और ड्रेसिंग रूम में सम्मान पाने के लिए आदर्श जगह हो सकती है। उन्होंने कहा, शुभमन को मैं जो पहली जानकारी देना चाहता हूं, वह यह है कि अपनी कप्तानी की बातें केवल फील्डिंग के दौरान ही करें बल्लेबाजी के दौरान उसे भूल जायें।

### लीड्स की पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी रहेगी: रॉबिन्सन

**लीड्स।** यहां शुक्रवार से भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स में होने वाले पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में पिच कैसी रहेगी। ये सवाल सभी मन में उठ रहा है। इसी को लेकर पिच क्यूरेटर रिचर्ड रॉबिन्सन ने कहा है कि पिच अच्छी रहेगी। रॉबिन्सन ने कहा कि यहां अभी शुष्क मौसम है और मेजबान टीम की उम्मीदों के अनुसार ही एक ऐसी पिच बनायी गया है जिसपर आक्रामक शॉट खेले जा सकें।

**फुटबॉल**



अमेरिका में फीफा क्लब विश्वकप में खेलते हुए एफसी फारवर्ड लेबो मोथिबा।

# एमएलसी: मैक्सवेल की शतकीय पारी से वॉशिंगटन फ्रीडम ने एलए नाइट राइडर्स को हराया

**कैलीफोर्निया, एजेंसी**

अमेरिकी मेजर लीग (एमएलसी) में वॉशिंगटन फ्रीडम की कप्तानी करते हुए ऑस्ट्रेलिया आक्रामक बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल ने तूफानी पारी खेलकर अपनी टीम को लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स के खिलाफ बड़ी जीत दिलायी है। मैक्सवेल ने अपनी इस पारी में 49 गेंदों में नाबाद 106 रन बनाये जिससे वॉशिंगटन फ्रीडम ने 5 विकेट पर 208 रन बनाये। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए एलए नाइट राइडर्स केवल 95 रन ही बना पायी।

इस मैच में मैक्सवेल ने तूफानी पारी खेलते हुए 13 छक्के लगाकर 216 की स्ट्राइक रेट से शतक लगा दिया। इससे वेस्टइंडीज के क्रिकेटर जेसन होल्डर की कप्तानी वाली एलए नाइट राइडर्स को तीसरी हार का सामना करना पड़ा। मैक्सवेल वॉशिंगटन फ्रीडम की ओर से शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज हैं

इससे पहले सबसे ज्यादा स्कोर स्टीव स्मिथ का था जिन्होंने पिछले सत्र में सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के खिलाफ 88 रन बनाए थे।

## बिजनेस

## भारत की स्थिति वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच बेहतर: सीईए

**तिरुवनंतपुरम।** मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने मौजूदा वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश के स्थिर आर्थिक प्रदर्शन की ओर इशारा करते हुए कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत एक बेहतर स्थिति में बना हुआ है। सीईए ने कहा कि कहा कि 2022 से संघर्ष एवं व्यवधान वैश्विक परिदृश्य का हिस्सा रहे हैं लेकिन वे अब अधिक अप्रत्याशित हो गए हैं। इससे समग्र परिवेश चाहे राजनीतिक, आर्थिक या सुरक्षा से संबंधित हो दुनिया भर में वृद्धि के लिए कहीं अधिक चुनौतियां पेश कर रहे हैं। नागेश्वरन ने पश्चिम एशिया में यूक्रेन-रूस, भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्षों और शुल्क युद्धों के कारण बढ़ती वैश्विक अनिश्चितताओं के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे किए गए सवाल पर कहा कि आप कह सकते हैं कि सकारात्मक संभावनाओं पर कहीं न कहीं ये स्थितियां हावी हो रही हैं। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ भारत की समस्या नहीं है, यह कई देशों को प्रभावित कर रही हैं। सीईए ने कहा कि कुछ हद तक यह कहा जा सकता है कि वर्तमान में वैश्विक परिवेश चाहे वह राजनीतिक हो, आर्थिक हो या सुरक्षा से संबंधित हो, वृद्धि के लिए काफी जटिल और अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया हैञ्ज न केवल भारत के लिए बल्कि कई देशों के लिए लगभग पूरी विश्व अर्थव्यवस्था के लिए।

# सेंसेक्स 139 अंक गिरकर 81,445 पर बंद निफ्टी 41 अंक नीचे 24,812 पर आया

### फार्मा, आईटी, मेटल और मीडिया शेयर्स 1.3% तक गिरे

**मुंबई, एजेंसी**

हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन आज यानी बुधवार, 18 जून को सेंसेक्स 139 अंक गिरकर 81,445 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 41 अंक की गिरावट रही, ये 24,812 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 10 में तेजी जबकि 20 में गिरावट रही। TCS, अडाणी पोर्ट्स और HUL के शेयर 2 प्रतिशत तक नीचे आ गए। जबकि, इंडसइंड बैंक का शेयर 4.44 प्रतिशत चढ़ा। टाइटन, M&M और मारुति के शेयरों 2 प्रतिशत तक की तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 14 में तेजी, जबकि 36 में गिरावट रही। NSE के ऑटो, प्राइवेट बैंक और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स के शेयरों में 0.8 प्रतिशत तक की तेजी रही। वहीं, फार्मा, IT, मेटल और मीडिया शेयर्स 1.3 प्रतिशत तक गिरे। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 348 अंक (0.90 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 38,885 पर और कोरिया का कोस्पी 22 अंक (0.74 प्रतिशत) चढ़कर 2,972 पर कारोबार कर



रहा है। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स करीब 270 अंक (1.12 प्रतिशत) गिरकर 23,711 के स्तर पर और चीन का शंघाई कंपोजिट 1 अंक ऊपर 3,380 पर कारोबार कर रहे हैं। 17 जून को अमेरिका का डाउ जोन्स 0.70 प्रतिशत गिरकर 42,216 पर बंद हुआ। वहीं, नैस्डेक कंपोजिट 0.91 प्रतिशत नीचे 19,521 पर और S&P 500 0.84 प्रतिशत गिरकर 5,983 पर बंद हुए।

17 जून को विदेशी निवेशकों ने कैश सेगमेंट में 1,482.77 करोड़ रुपए और घरेलू निवेशकों ने 8,207.19 करोड़ रुपए की खरीदारी की। जून महीने में अब तक विदेशी निवेशकों ने कैश सेगमेंट में 5,869.04 करोड़ की बिकवाली की है। जबकि घरेलू निवेशकों ने 58,138.87 करोड़ की नेट खरीदारी है। मई महीने में विदेशी निवेशकों की नेट खरीदारी 11,773.25 करोड़ रुपए रही। वहीं, घरेलू निवेशकों ने भी महीनेभर में ?67,642.34 करोड़ की नेट खरीदारी की थी।

एरिसइंफ्रा सॉल्यूशंस लिमिटेड का IPO आज यानी 18 जून को ओपन हो गया है। निवेशक इस इश्यू के लिए 20 जून तक बिडिंग कर सकेंगे। 25 जून को कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे। इस इश्यू के जरिए कंपनी टोटल 499.60 करोड़ जुटाना चाहती है। कंपनी इश्यू में 2.25 करोड़ फ्रेश शेयर्स जारी करेगी। इस इश्यू में कंपनी के मौजूदा निवेशक या प्रमोटर ऑफर फॉर सेल यानी OFS के जरिए एक भी शेयर नहीं बेचेंगे।

हफ्ते के दूसरे कारोबार दिन यानी मंगलवार, 17 जून को सेंसेक्स करीब 213 अंक गिरकर 81,583 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 93 अंक की गिरावट रही, ये 24,853 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 8 में तेजी और 22 में गिरावट रही। टाटा मोटर्स, सनफार्मा और इटरनल (जोमैटो) समेत 10 कंपनियों के शेयर 2 प्रतिशत गिरे। एशियन पेंट्स, इंफोसिस और टेक महिंद्रा में 1.7 प्रतिशत तक की तेजी रही। वहीं, निफ्टी के 50 शेयरों में से 38 में गिरावट,11 में तेजी रही जबकि एक में कोई बदलाव नहीं हुआ। हस्थ्र के ढ्ढञ्ज सेक्टर को छोड़कर सभी में गिरावट रही। दवाओं पर ट्रंप के नए टैरिफ के ऐलान की खबरों के चलते फार्मा सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.89 प्रतिशत की गिरावट रही।

## रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया 45 पैसे की गिरावट के साथ ही 86.49 पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस रुपया कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और मजबूत डॉलर के दबाव को दरकिनार करते हुए रुपया मंगलवार को शुरुआती कारोबार में 11 पैसे की बढ़त के साथ 85.93 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 85.96 पर खुला। फिर 85.93 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 11 पैसे की बढ़त दिखाता है।रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.04 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.17 फीसदी की बढ़त के साथ 98.16 पर रहा।

**अब देश के 73 प्रतिशत एटीएम में ?मिलेंगे 100 या 200 के नोट**

मुंबई (ईएमएस)। भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में कुछ दिनों पहले देश के सभी बैंकों को निर्देश दिए थे कि वह अपने एटीएम में 100 और 200 रुपये के नोट लोगों को जरूर उपलब्ध कराएं, जिससे लोगों को नोट निकालने में दिक्कतों का सामना न करना पड़े। आरबीआई ने इस काम को करने के लिए बैंकों को 30 सितंबर 2025 तक की समयसीमा दी थी लेकिन आरबीआई के इस निर्देश का असर अभी से दिखने लगा है। दरअसल, एक रिपोर्ट के अनुसार देश के लगभग 73 प्रतिशत एटीएम ऐसे हो चुके हैं, जिनमें कम से कम एक कैसेट से 100 या 200 रुपये के नोट मिल रहे हैं। दिसंबर 2024 तक यह आंकड़ा 65 प्रतिशत था, जो आरबीआई के आदेश के बाद बढ़ गया है।

## डीएलएफ ने गुरुग्राम में 11,000 करोड़ में 1,164 लग्जरी अपार्टमेंट बेचे

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट क्षेत्र की प्रमुख कंपनी डीएलएफ लिमिटेड ने गुरुग्राम में 1,164 लक्जरी अपार्टमेंट करीब 11,000 करोड़ रुपये में बेच दिए हैं। डीएलएफ ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में अपनी नवीनतम लक्जरी पेशकश डीएलएफ प्रिवाना नॉर्थ को बेचने की घोषणा की। यह बिक्री परियोजना शुरू होने के केवल एक सप्ताह के भीतर करीब 11,000 करोड़ रुपये में की गई। यह परियोजना गुरुग्राम के सेक्टर 76 व 77 में 116 एकड़ की एकीकृत टाउनशिप डीएलएफ प्रिवाना का हिस्सा है डीएलएफ होम डेवलपर्स के एक व?रिष्ठ अ?धिकारी ने कहा ?कि यह डीएलएफ के व्यापक स्तर के आवास उपलब्ध कराने के दृष्टिकोण को बताता है। उन्होंने कहा कि मजबूत बिक्री प्रतिक्रिया डीएलएफ की पेशकशों के लिए स्पष्ट मांग को दर्शाती है जो हमारी पिछली परियोजनाओं की सफलता से प्रेरित है। इससे पहले सूत्रों ने बताया था कि डीएलएफ गुरुग्राम में इस नई लक्जरी आवास परियोजना के विकास के लिए करीब 5,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

## मेकमाईट्रिप शेयर और परिवर्तनीय बॉण्ड की बिक्री से जुटाएगी 2.5 अरब डॉलर


**नई दिल्ली।** यात्रा बुकिंग मंच मेकमाईट्रिप का कहना है ?कि वह शेयर और परिवर्तनीय बॉण्ड की बिक्री के जरिये 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की पूंजी जुटाने पर ?विचार कर रही है। अमेरिकी शेयर बाजार नैस्डैक को दी गई सूचना के अनुसार इस जुटाई गई रा?शि का उददेश्य कंपनी में चीन स्थित ट्रिप डॉट कॉम समूह की हिस्सेदारी को उल्लेखनीय रूप से कम करना है। नैस्डैक में सूचीबद्ध कंपनी ने पेशकश से हा?सिल की गई आय के साथ-साथ परिवर्तनीय बॉण्ड की पेशकश से ?मिली राशि का इस्तेमाल ट्रिप.कॉम द्वारा पहले अधिग्रहित अपने 'क्लास बी' शेयर के एक हिस्से को पुनर्खरीद करने के लिए करने की योजना बनाई है। सामान्यत: क्लास बी शेयर में सामान्य शेयरों के समान ही अधिकार एवं प्राथमिकताएं होती हैं, सिवाय इसके कि इस श्रेणी के शेयर को नियंत्रित करने वाली निर्गम शर्तों को विशेष रूप से निर्धारित किया गया हो।

### सोने के भाव 99,400 रुपए, चांदी 1,09,500 रुपए के करीब

# सोने की चमक फीकी पड़ी, चांदी नई ऊंचाई पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रिकॉर्ड स्तर छूने के बाद अब सोने के भाव नरम पड़ गए हैं। लेकिन चांदी नए रिकॉर्ड बना रही है। बुधवार को भी इसके वायदा भाव सार्वज?निक उच्च स्तर पर पर पहुंच गए। घरेलू बाजार में सोने के भाव 99,400 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,09,500 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के भाव गिरावट, जबकि चांदी के भाव तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं और इसके भाव 14 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गए। सोने के वायदा भाव की शुरुआत नरमी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रेक्ट 169 रुपये की



गिरावट के साथ 99,372 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 99,541 रुपये था। इस समय यह 164 रुपये की गिरावट के साथ 99,377 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रेक्ट 357 रुपये की तेजी के साथ 1,09,352 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,08,995 रुपये था। इस समय यह 501 रुपये की तेजी के साथ 1,09,496 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वै?श्विक बाजार में मंगलवार को सोने के वायदा में नरमी और चांदी के भाव में तेजी देखने को मिल रही है। कॉमेक्स पर सोना 3,409 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,406.90 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 5.60 डॉलर की गिरावट के साथ 3,401.30 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव ने इस साल 3,509.90 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई छू लिया है। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 37.20 डॉलर के भाव पर खुले। पिछला बंद भाव 37.15 डॉलर था।

# बैंक में जमा पर मिलने वाले इंश्योरेंस कवर को बढ़ा सकता है केंद्र

### सरकार ने कहा- बीमा सीमा बढ़ने से बैंकिंग सिस्टम पर बढ़ेगा भरोसा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्र सरकार बैंक जमा पर मिलने वाले इंश्योरेंस कवर को बढ़ाने पर विचार कर रही है। बैंक डिपॉजिट पर पांच लाख रुपए तक का ही बीमा होता है, लेकिन वित्त मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक इस सीमा को जल्द बढ़ाया जा सकता है। वर्तमान में 'डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉर्पोरेशन' के तहत किसी भी बैंक के बंद होने या दिवालिया होने की स्थिति में जमाकर्ताओं को अधिकतम 5 लाख रुपए तक का बीमा कवर मिलता है। यह बीमा राशि एक व्यक्ति के सभी खातों पर कुल मिलाकर दी जाती है यानी यदि किसी व्यक्ति का बैंक में 10 लाख रुपये जमा है और बैंक बंद हो जाता है, तो उसे सिर्फ 5 लाख रुपये ही वापस मिलेंगे। यह बीमा कवर सीधे जमाकर्ता से प्रीमियम नहीं लेता, बल्कि बैंक ही इसका प्रीमियम चुकाते हैं। यह बीमा सिर्फ उन्हीं हालातों में लागू होता है जब बैंक पर मोरेटोरियम लग जाए या वह पूरी तरह से बंद कर दिया जाए। हाल ही में न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक में सामने आई अनियमितताओं के बाद एक बार फिर यह मुद्दा चर्चा में है। इससे पहले भी पीएमसी बैंक, यस बैंक, और लक्ष्मी विलास बैंक जैसी संस्थाओं में वित्तीय संकट के चलते ग्राहकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। इन घटनाओं के मद्देनज़र, सरकार का मानना है कि बीमा सीमा बढ़ाने से लोगों का बैंकिंग सिस्टम पर भरोसा बढ़ेगा। साथ ही वे गारंटी की रकम तक पैसा जमा करने में संकोच नहीं करेंगे। इससे बचत में बढ़ोतरी होगी और बैंक ज्यादा कर्ज देने की स्थिति में होंगे। अगर कोई बैंक दिवालिया घोषित होता है या उस पर मोरेटोरियम लगाया जाता है, तो डीआईसीजीसी के नियमों के मुताबिक जमाकर्ताओं को 90 दिनों के भीतर बीमा राशि प्रदान की जाती है। प्रभावित बैंक को 45 दिनों के भीतर खाताधारकों का विवरण डीआईसीजीसी को भेजना होता है और इसके बाद अगला 45 दिनों में राशि खाताधारकों को दी जाती है।

सत्यमेव जयते | मध्यप्रदेश शासन | NATIONAL HEALTH MISSION राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

## राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन-2047

# विश्व सिकल सेल दिवस-2025

# राज्य स्तरीय कार्यक्रम



**नरेन्द्र मोदी,** प्रधानमंत्री



**मंगुभाई पटेल,** राज्यपाल



**डॉ. मोहन यादव,** मुख्यमंत्री

### मुख्य अतिथि

## मंगुभाई पटेल

### राज्यपाल, मध्यप्रदेश

### अध्यक्षता

## डॉ. मोहन यादव

### मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**19 जून, 2025 I अपराह्न 12:30 बजे**
**तलुन खेल मैदान, बड़वानी**

## स्वस्थ भविष्य की ओर मध्यप्रदेश

- जनजातीय बहुल जिलों में एक करोड़ से अधिक स्क्रीनिंग पूर्ण की गई, जिसमें 29,227 सिकल सेल रोगी एवं 2,03,758 सिकल वाहक चिन्हित
- परिवारों की काउंसलिंग कर 80 हजार से अधिक काउंसलिंग कार्ड वितरित
- नेशनल सिकल सेल पोर्टल के माध्यम से स्क्रीनिंग, जांच एवं रोगियों की सतत मॉनिटरिंग
- गर्भावस्था में सिकल सेल रोग की जांच एवं प्रबंधन के विशेष प्रयास एवं नवाचार
- रोगियों को नि:शुल्क उपचार, नि:शुल्क औषधियां एवं ब्लड ट्रांसफ्यूजन की सम्पूर्ण व्यवस्था उपलब्ध
- आदिवासी इलाकों में सिकल सेल रोग के प्रति जागरुकता हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार
- मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं तथा प्रबंधकीय एवं चिकित्सकीय स्टाफ का निरंतर प्रशिक्षण
- गंभीर इन्फेक्शन से बचने के लिए वैक्सीनेशन की उपलब्धता सुनिश्चित
- सिकल सेल रोगियों के लिए दिव्यांगता प्रमाण पत्र/UDID कार्ड/पेंशन योजनाओं का लाभ
- आदिवासी स्कूलों, कॉलेजों, छात्रावासों में निरंतर स्क्रीनिंग, जांच शिविर एवं एन.जी.ओ., स्वयंसेवी संस्थाओं की सहायता से प्रचार-प्रसार





सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

D-11046/25

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025